दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 16 | अंक 324 | सीकर, मंगलवार 20 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन सम्पन्न




सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार और सीकर हैण्डीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय सावित्री बाई फूले महिला महाविद्यालय में तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और प्रशिक्षणार्थियों को पारंपरिक हस्तशिल्प से जोड़ते हुए स्वरोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर जेडी सोनी कला महाविद्यालय सीकर के साथ-साथ डॉ मुनेश कुमार, डॉ सुभाष कुंतल, डॉ अजय विक्रम सिंह, मोहम्मद मुस्लिम तथा डॉ ओपी सैनी उपस्थित रहे। इस दौरान कुल 20 आर्टीजनों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर बुनाई, कढ़ाई, मिट्टी शिल्प, लकड़ी की नक्काशी और अन्य पारंपरिक विधाओं का लाइव प्रदर्शन किया। सीकर हैण्डीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के निदेशक मनमोहन पालीवाल ने बताया कि इस आयोजन में विभिन्न कॉलेजों और विद्यालयों के प्रशिक्षणार्थियों के साथ-साथ अलग-अलग शिल्प क्षेत्रों से जुड़े कारीगरों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं की सहभागिता और रुचि को सराहनीय बताया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर जेडी सोनी ने अपने संबोधन में कहा जीवन में व्यक्ति की पहल उसके हुनर से बनती है। जिस व्यक्ति में क्राफ्ट का कौशल होगा, वह न केवल स्वरोजगार स्थापित कर सकता है बल्कि आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम के दौरान चित्रकला, रंगोली, निबंध लेखन और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के सचिव डॉ ओपी सैनी ने कहा भारत हस्तशिल्प के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी स्थान रखता है। ऐसे आयोजन हमारी समृद्ध शिल्प परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुँचाने और उसे गौरवान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कार्यक्रम न केवल छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा बल्कि स्थानीय कारीगरों को भी एक व्यापक मंच प्रदान करने में सफल रहा।


## सोना-चांदी की कीमतों ने तोड़े सभी रिकॉर्ड




जयपुर।

दुनियाभर के वैश्विक बाजार में जारी अस्थिरता का सबसे ज्यादा असर सोने की कीमत पर नजर आ रहा है। इस वजह से भारतीय बाजार में चांदी और सोने की कीमत ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। राजस्थान में सोमवार को स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 2500 रुपए की तेजी आई है। इससे 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत एक लाख 48 हजार के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। वहीं चांदी की कीमत में 11 हजार रुपए की रिकॉर्ड तेजी आई है। इसके बाद 1 किलो चांदी की कीमत 3 लाख रुपए पर पहुंच गई है। जयपुर सर्राफा एसोसिएशन के राकेश खंडेलवाल ने बताया कि लगातार सोने और चांदी की कीमत में बदलाव का सिलसिला जारी है लेकिन पिछले कुछ वक्त से चांदी और सोनी ने अपने सभी रिकार्ड को तोड़ ऑल टाइम हाय के आंकड़े को छू लिया है।

## कोबरी-सार




# मोदी ने यूएई प्रेसिडेंट को प्रोटोकॉल तोड़कर रिसीव किया

## कहा- भाई को लेने आया हूं; गुजरात का नक्काशीदार झूला और पश्मीना शॉल गिफ्ट की

नई दिल्ली।

यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार को संक्षिप्त दौरे पर भारत आए। वो आज शाम करीब 4:30 बजे भारत पहुंचे थे। पीएम मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर उन्हें दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर रिसीव किया था। मोदी ने ङ्ग पर एक पोस्ट में लिखा था कि, मैं अपने भाई को लेने खुद एयरपोर्ट आया हूं। इसके बाद पीएम मोदी ने राष्ट्रपति शेख जायद और उनके परिवार का दिल्ली में अपने आवास लोक कल्याण मार्ग पर स्वागत किया। मोदी ने उन्हें गुजरात का एक शाही नक्काशीदार लकड़ी का झूला और कश्मीर की पश्मीना शॉल तेलंगाना में बने चांदी के डिब्बे में रखकर गिफ्ट की।

यह पश्मीना शॉल बहुत ही बारीक ऊन से हाथ से बनाई जाती है और हल्की, मुलायम और गर्म होती है। यह उपहार भारत की हथकरघा और हस्तशिल्प परंपरा को दर्शाता है।

मोदी ने राष्ट्रपति की मां शेखा फातिमा बिंत मुबारक अल केतबी को भी एक पश्मीना शॉल तोहफे में दी। इसके साथ ही उन्हें कश्मीरी घाटी में उगा केसर भी भेंट किया। यह केसर अपनी गहरी लाल रंगत और खुशबू के लिए जाना जाता है।


### भारत बोला- ये दौरा छोटा लेकिन, बहुत महत्वपूर्ण

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि यह दौरा छोटा था, लेकिन बहुत ही महत्वपूर्ण रहा। इस दौरान दोनों नेताओं की मौजूदगी में कई दस्तावेजों का आदान-प्रदान भी किया गया। हालांकि इन दस्तावेजों की डिटेल आना बाकी है। विदेश सचिव ने कहा कि इस दौरे की अहमियत यूएई राष्ट्रपति के साथ आए प्रतिनिधिमंडल से समझी जा सकती है। इस प्रतिनिधिमंडल में अबू धाबी और दुबई के शाही परिवारों के सदस्य और कई सीनियर मंत्री व अधिकारी शामिल थे।




## एसआई भर्ती पेपरलीक के मुख्य आरोपी को जमानत : हाईकोर्ट ने कहा- 3 साल की अधिकतम सजा

जयपुर।



सब इंस्पेक्टर भर्ती-2021 पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी जगदीश विश्नोई को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। जस्टिस चंद्रप्रकाश श्रीमाली की अदालत ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

कोर्ट ने कहा- पेपर लीक के स्पेशल एक्ट में आरोपी पर जिन धाराओं में मामला दर्ज किया गया है, उनमें अधिकतम 3 साल की सजा का प्रावधान है। आरोपी करीब दो साल से जेल में हैं। प्रकरण में अभी तक आरोप तय नहीं हुए हैं। वहीं आरोपियों की संख्या और गवाहों की संख्या के कारण ट्रायल में लंबा समय लगेगा। ऐसे में आरोपी को जमानत दी जाती हैं।

### सरकारी वकील बोले- गैंग बनाकर पेपर लीक करने का आरोप

जमानत का विरोध करते हुए विशेष लोक अभियोजक अनुराग शर्मा ने कहा- जगदीश विश्नोई निवासी दांता (सांचौर) इस मामले में मुख्य आरोपी है, जिसने गैंग बनाकर पेपर लीक किया और भर्ती प्रक्रिया की पवित्रता को भंग किया है। उसने रविन्द्र बाल भारती स्कूल के संचालक राजेश खंडेलवाल से 10 लाख रुपए में पेपर का सौदा किया। परीक्षा से पहले पेपर वॉट्सऐप पर लेकर सॉल्वर से सॉल्व करवाया। इसके बाद कई अभ्यर्थियों से मोटी धन राशि लेकर उन्हें सॉल्व पेपर पढ़वाया।

## राजस्थान में हाईवे से नहीं हटेंगी शराब की दुकानें

### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई अंतरिम रोक, करीब 2100 करोड़ का नुकसान होने का अनुमान था

जयपुर।

राजस्थान में नगर निकाय की सीमा से गुजरने वाले हाईवे पर बनी करीब 1102 शराब की दुकानें बंद नहीं होंगी। सुप्रीम कोर्ट ने आज हाईकोर्ट के इन दुकानों को हटाने और ट्रांसफर करने के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने यह अंतरिम रोक राज्य सरकार और अन्य लाइसेंस धारकों द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई करते हुए लगाई। सरकार की ओर से पैरवी करते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट अपने अलग-अलग आदेशों से नगर निकाय सीमा में 500 मीटर की बाध्यता से राहत दे चुका है। ऐसे हाईकोर्ट अपने आदेशों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्थापित विधि को नजरअंदाज और निरस्त नहीं कर सकता है।

### 500 मीटर की परिधि में स्थित दुकानों को हटाने के निर्देश

हाईकोर्ट की मुख्यपीठ जोधपुर ने 24 नवंबर 2025 को आदेश देते हुए राज्य सरकार को निर्देशित किया था कि वह राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों से 500 मीटर की परिधि में स्थित सभी शराब दुकानों की पहचान कर उन्हें हटाए एवं स्थानांतरित करे, भले ही वे नगर निगम सीमा, स्थानीय स्वशासी निकायों या वैधानिक विकास प्राधिकरणों के अंतर्गत आती हों।




हाईकोर्ट ने यह भी कहा था कि नगर सीमाओं का विस्तार सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों को शिथिल करने का आधार नहीं बन सकता हैं। इन दुकानों के बंद होने से राज्य सरकार को करीब 2100 करोड़ के राजस्व के नुकसान होने का अनुमान था। लेकिन हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि दुर्घटना संबंधी आंकड़ों का हवाला देते हुए यह भी कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सार्वजनिक सुरक्षा, लगभग 2100 करोड़ रुपए के संभावित राजस्व नुकसान जैसी वित्तीय चिंताओं पर वरीयता रखती है। इसी आधार पर राज्य को निश्चित समय-सीमा में सभी ऐसी दुकानों को बंद अथवा स्थानांतरित करना होगा।

## बीजेपी को मिला नया बॉस!

### नितिन नबीन निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष, आज ताजपोशी

नई दिल्ली

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन सोमवार को नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद एकमात्र प्रस्तावित नाम होने के कारण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भाजपा संगठन पर्व के राष्ट्रीय प्रतिवेदक डॉ. के. लक्ष्मण के अनुसार, नामांकन वापस लेने की अवधि समाप्त होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल एक ही नाम - नितिन नबीन का - प्रस्तावित किया गया था। पार्टी ने पुष्टि की कि उनके पक्ष में नामांकन पत्रों के 37 सेट जमा किए गए थे, और इस पद के लिए किसी अन्य उम्मीदवार का नाम प्रस्तावित नहीं किया गया था।

लक्ष्मण ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नाम वापसी की अवधि समाप्त होने के बाद, भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के राष्ट्रीय रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में, मैं



यह घोषणा करता/करती हूँ कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल एक नाम, नितिन नबीन का नाम प्रस्तावित किया गया है। 45 वर्षीय नबीन को 14 दिसंबर, 2025 को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और वे राष्ट्रीय अध्यक्ष पद संभालने वाले अब तक के सबसे युवा अध्यक्ष होंगे। वे पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ नेता जेपी नड्डा का स्थान लेंगे।

## विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर संघ कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

### 8 फरवरी को होगा सम्मेलन, कलश यात्रा व सामूहिक हवन का आयोजन



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** आगामी 8 फरवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सोमवार को न्यू कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक राय सिंह एवं दीपक कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुई, जिसमें कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक को संबोधित करते हुए महाविद्यालय विद्यार्थी कार्य प्रमुख दीपक कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन से पूर्व प्रात: कलश यात्रा एवं सामूहिक हवन का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा के लिए महिलाओं की विशेष टोलियों का गठन किया गया, जिसका दायित्व कैलाश कुमावत, अनिता सैनी, अनुराधा रोहिल्ला, सरोज सोनी एवं भंवरी शेखावत को सौंपा गया। बैठक में आयोजन समिति का गठन किया गया, जिसमें रामचंद्र शर्मा को संरक्षक एवं विनोद पुजारी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। समिति में कुल 26 पदाधिकारी बनाए गए। बैठक में मनोज कुंडलवाल, कमलकांत शर्मा, नरेंद्र शर्मा, सुकरमपाल, जयप्रकाश, विजय कुमार कुमावत, प्रमोद शर्मा, विनोद कुमार, पुजारी रामगोपाल शर्मा, धीरज कुमार, सुभाष जांगिड़, मुरारी लाल, पंकज कुमावत, दशरथ टेलर, मुकेश शर्मा, गुमान सिंह, रामचंद्र शर्मा पाटोदा, डॉ. ओमप्रकाश, प्रियांशु दीक्षित, मानसिंह, हेमंत कुमार सोनी, अशोक शर्मा, मिलन, गजेंद्र कुमार, धर्मपाल प्रजापत, रतन लाल यादव, सांवरमल सोनी, मदनलाल जाखड़, अनिल कुमार कुमासिया, नरेंद्र सिंह चौहान, प्रदीप शर्मा, महेश कुमावत एवं सुधीर चाहर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मनरेगा पर हमला गरीबों के अधिकारों की लूट : अमित ओला

### भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** कांग्रेस नेता अमित ओला ने मनरेगा को कमजोर किए जाने को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मनरेगा गरीबों की रोजी-रोटी का सबसे बड़ा सहारा है, लेकिन भाजपा सरकार जानबूझकर इसे कमजोर कर रही है, जो सीधे तौर पर गरीब मजदूरों के अधिकारों पर हमला है। यह नीति लाखों गांवों और करोड़ों श्रमिकों के हक की खुली लूट है। इसी जनविरोधी नीति के खिलाफ सोमवार को झुंझुनू विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बास नानग के आम चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं महिलाओं ने भाग लिया और मनरेगा को मजबूत करने की मांग बुलंद की। अमित ओला ने कहा



कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। सरकार की लापरवाही, बजट कटौती और भुगतान में देरी के कारण मजदूरों को न समय पर काम मिल रहा है और न ही मजदूरी।

कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार से मनरेगा को पूरी तरह लागू करने, मजदूरी समय पर देने तथा रोजगार के दिनों में बढ़ोतरी की मांग की। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और ग्रामीणों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की। इस मौके पर गीडानिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुमेर सिंह महला, बाकरा सरपंच राजेंद्र चाहर, बास नानग सरपंच जगदीश तथा देरवाला की पूर्व सरपंच रेखा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।




# सड़क हादसे में दो घायल



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** सिंघाना मार्ग पर रविवार दोपहर सड़क हादसा हुआ। लाल चौक के पास एक पिकअप और स्कोडा कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस दौरान एक बाइक भी चपेट में आ गई, जिससे उस पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कोडा कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि एयरबैग खुलने से कार चालक सुरक्षित बच गया। भिड़ंत के बाद पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक खेत में जा घुसी। घायल बाइक सवार युवकों की पहचान ठिंचोली निवासी अनुराग और अमित के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को चिड़ावा उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चिड़ावा उप जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने युवकों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें झुंझुनू जिला अस्पताल रैफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही चिड़ावा पुलिस के एएसआई राजेंद्र कुमार और कांस्टेबल बनवारी लाल अस्पताल पहुंचे और घटना की जांच शुरू की।

# अज्ञात चोरों ने किए ट्रांसफार्मर चोरी

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड क्षेत्र के गांवों में लगातार हो रही ट्रांसफार्मर की चोरी से का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। देर रात को चोर क्षेत्र के नानूवाली बावड़ी गांव से दो ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए, जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चोरों एक के बाद एक वारदातों को अंजाम देने से ग्रामीणों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। क्षेत्र में लगातार हो रही ट्रांसफार्मर की चोरी पुलिस की कार्यवाही पर सवालिया निशान लगा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव हरदेव कालोनी में लगे ट्रांसफार्मर पर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। इस दौरान चोर बीती रात को खेत में लगे ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। चोरों की ओर से उतारे गए ट्रांसफार्मर में तांबे के उपकरण व तेल को निकाल कर ले गए तथा खाली खोखे को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। डिस्कॉम के अनुसार चोरों द्वारा दी गई वारदात के दौरान लाखों रुपए के ट्रांसफार्मर चोरी किए गए हैं। संजय सैनी ने बताया कि आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं को रोकने को लेकर डिस्कॉम कार्यालय की ओर से थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई गई है, लेकिन लगातार हो रही चोरियों पर लगाम नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से ट्रांसफार्मर चोरी होने से डिस्कॉम को भी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर की आए दिन चोरियां होने से उनकी फसलों में सिंचाई के लिए पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिसके चलते फसलों को नुकसान भी हो रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया तथा घटनास्थल का निरीक्षण करवाया। ग्रामीण इलाकों में लगातार ट्रांसफार्मर की चोरियां हो रही हैं। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई।

# आबादी क्षेत्र में लेपर्ड आने पर ग्रामीणों में दहशत का माहौल



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे में लेपर्ड के आने की सूचना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा पगमार्क के निशान लेकर आवश्यक जानकारी जुटाई। वार्ड 16 निवासी सुभाष कुमार ने बताया कि वह अपने मकान में सोया हुआ था कि रात करीब एक बजे उसके घर में सामान बिखरने की आवाज सुनाई दी। जब उसने उठकर देखा तो मकान में लेपर्ड घुसा हुआ था। इस दौरान उसने शोर शराबा किया तो लेपर्ड दिवार फांदकर भाग गया। इस दौरान लैपर्ड आने पर अन्य ग्रामीण भी एकत्रित हो गए तथा वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई। जिसकी सूचना पर वन विभाग के अरूण कुमार मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल की जानकारी ली। वन विभाग के वनरक्षक अरूण कुमार ने बताया कि एक लेपर्ड आबादी क्षेत्र में घुस जाने की सूचना मिली है, जिसको लेकर वन विभाग की टीम को मौके पर पहुंची। इस दौरान वह मिले पगमार्क के निशान से लेपर्ड के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। खेतड़ी बांसियाल रिजर्व कंजर्वेशन में करीब 15 से अधिक लेपर्ड मौजूद हैं। कई बार लेपर्ड कंजर्वेशन से निकलकर आबादी क्षेत्र में आ जाते हैं। रिजर्व कंजर्वेशन की चारदीवारी मात्र चार फीट होने के कारण जंगली जानवर आबादी क्षेत्र में घुस रहे हैं। जंगली जानवर आबादी क्षेत्र में मवेशियों व लोगों पर हमला भी कर चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली जानवरों को कंजर्वेशन में रोकने के लिए वन विभाग द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। इस मौके पर पार्षद लीलाधर सैनी, सुभाष कुमार, सतीश कुमार, अजीत सिंह, शीशराम, विजेश कुमार, अमित सैनी, राकेश कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# महाराणा प्रताप पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** महाराणा प्रताप पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा जयपुर शहर कार्यालय में श्रद्धा और सम्मान के साथ पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जयपुर शहर जिला अध्यक्ष अमित गोयल, निवर्तमान महापौर सौम्या गुर्जर और भाजपा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के लिए किए गए बलिदान को याद किया गया। अमित गोयल ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, संघर्ष और राष्ट्र धर्म का प्रतीक है, जो आज भी युवाओं और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारी बैठक आयोजित

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे की तुलस्यान धर्मशाला में विराट हिन्दू सम्मेलन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रघुवीर प्रसाद पारीक एवं संरक्षक विश्वनाथ अग्रवाल के सानिध्य में संपन्न की गई। बैठक में समिति सचिव गजानंद कुमावत ने ग्यारह फरवरी को होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन के बारे मे विस्तार से बताया कि ग्यारह फरवरी को खेतड़ी कस्बे के एतिहासीक पोलो ग्राउंड खेल मैदान में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा, साधु संतों का आशीर्वाद एवं प्रांत प्रचारक बाबू लाल का मार्गदर्शन भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र की सुख सम्मती के लिए हवन भी किया जाएगा। विराट हिन्दू सम्मेलन में समाज हित में सामाजिक कार्य करने वालो को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरित की जाएगी। कुमावत ने बताया कि सम्मेलन के निमित खेतड़ी शहर में सात बस्तियां बनाई गई और उनके प्रमुख बनाकर जिम्मेदारीया दी गई, जिसमे गणेश बस्ती का प्रमुख अश्विन शर्मा सहयोगी झाबर, विवेकानंद बस्ती का प्रमुख संजय सुरोलिया, चयन सिंह, प्रताप सिंह, राकेश स्वामी, राजेंद्र प्रसाद कुमावत, विजेंद्र सैनी को बनाया गया। हनुमान बस्ती का प्रमुख रामावतार कुमावत, शशी सैनी, नत्थू सैनी को बनाया गया। शिवाजी बस्ती का प्रमुख पूरण कुमावत, सुनील को बनाया। अजीत बस्ती का प्रमुख अशोक कुमावत, जितेंद्र जांगिड़ राजीव को बनाया। माधव बस्ती का प्रमुख अशोक सोनी, ब्रह्मानंद शर्मा, नन्द किशोर चौकड़ी वाला, दीपक भार्गव, विद्याधर सैनी को बनाया। केशव बस्ती का प्रमुख गजानंद कुमावत, भवानी शर्मा, राम अग्रवाल हरीश दाधीच, राजेंद्र नायक, लक्षण सिंह को बनाया गया। गठित की गई बस्तियों में घर घर जाकर विराट हिन्दू सम्मेलन के लिए संपर्क किया जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष ज्योति भारद्वाज, डॉ. शिव कुमार सैनी, राजेंद्र सोनगरा, नित्यानंद यादव, रघुवीर पारीक, संयुक्त सचिव नन्द किशोर चौकड़ी वाला, राजेंद्र प्रसाद कुमावत, विद्याधर सैनी, प्रचार प्रमुख राम अग्रवाल, भवानी शर्मा, कविता कुमारी, सुशीला, सुमित्रा आदि लोग मौजुद रहे।

# घंटाघर पर लगवाएं एलईडी बोर्ड, शहरवासियों के लिए बने सेल्फी प्वाइंट

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** करीब कई दशकों पहले एक ऐसे घंटाघर का निर्माण करवाया गया जिसके नीचे से चारों तरफ रास्ते गुजरते हैं और यह घंटाघर एशिया का दूसरा घंटाघर है जिसके नीचे से चार रास्ते गुजरते हैं। इस ऐतिहासिक धरोहर घंटाघर की वर्तमान नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी ने सुध ली है और अब घंटाघर के चारों ओर एलईडी बोर्ड लगाए गए हैं जो शहर वासियों के लिए सेल्फी प्वाइंट बने हुए हैं। नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी ने बताया कि यह घंटाघर सरदारशहर की एक ऐतिहासिक धरोहर है, इतने दिन लोग यहां पर चारों तरफ बैनर और पोस्टर लगाकर इसकी सुंदरता को खराब करते थे लेकिन नगरपरिषद द्वारा अब घंटाघर की सुध ली गई है और घंटाघर के चारों ओर एलइडी बोर्ड लगवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी इस घंटाघर का सौंदर्यकरण किया जाएगा जल्द ही आने वाले दिनों में घंटाघर के सौंदर्यकरण का काम पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि खुशी होती है जब हमारे द्वारा करवाए गए कार्य की शहरवासी प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सरदारशहर का नाम पूरे राजस्थान में अलग होगा क्योंकि यह घंटाघर विश्व में दूसरा घंटाघर है। उन्होंने कहा कि अभी तो हमने इसका काम शुरू किया है, आने वाले कुछ दिनों में इस घंटाघर का स्वरूप पूरी तरह से बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले घंटाघर के चारों ओर होल्डिंग्स, बैनर लगा दिए जाते थे लेकिन अब यह एलईडी लाइट लगने के बाद शहर का हर युवा यहां आकर फोटो वीडियो लेकर अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहा है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर हमारी ओर से यह नवाचार किया गया है जिससे पूरे सरदारशहर की शान बढ़ेगी और मैं अपने आप को इसके लिए गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। वही आपको बता दे की घंटाघर पर सुंदर और शानदार एलईडी लाइट लगने के बाद घंटाघर की सुंदरता को चार चांद लगे हैं। जो भी यहां से गुजर रहा है घंटाघर की तस्वीरों को अपने कमरे में कैद कर रहा है और अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहा है।

# ट्रेलर से 60 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ी, दो गिरफ्तार



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू की डीएसटी और सदर थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हाइवे पर 60 लाख की अवैध शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। डीएसटी प्रभारी जयप्रकाश झाझड़िया ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत टीम को मुखबिर से सूचना मिली की हाइवे से बड़ी मात्रा में अवैध शराब की तस्करी हो रही है और उसी कड़ी में टीम अलर्ट थी और संदेह होने पर सदर थाना पुलिस के सहयोग से एनएच 52 रामसरा की रोही के पास ट्रेलर को रोककर चालक से पूछताछ की तो चालक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया और ट्रेलर में चावल के कट्टे होना बताया। टीम ने संदेह के आधार पर ट्रेलर की तलाशी ली तो ट्रेलर में विभिन्न ब्रांड के अंग्रेजी शराब के करीब 566 कर्टन चावल के कट्टों की आड़ में भरे थे। जिस पर टीम ने हरियाणा के सोनीपत निवासी ट्रेलर चालक सुमित शर्मा और बाड़मेर निवासी गुरुप्रसाद जाट को गिरफ्तार कर लिया और अवैध शराब के साथ ट्रेलर को जब्त कर लिया। डीएसटी प्रभारी ने बताया टीम की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया की जब्त अवैध शराब चंडीगढ़ से गुजरात के गांधीधाम जा रही थी।

# एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में कलरव 2026 का शुभारम्भ

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** एसबीडी राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक सप्ताह कलरव 2026 का शुभारंभ सोमवार को प्राचार्या डॉ कविता शर्मा की अध्यक्षता में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ कविता शर्मा ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। कार्यक्रम में उपस्थित शेरसिंह ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई प्रतिभा होती है लेकिन झिझक और डर के कारण वह सामने नहीं आ पाती। ऐसे मंच विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ अपनी क्षमताएं प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। डॉ देवीलाल रोझ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सहशैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का विकास होता है इसलिए सभी विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए।

कार्यक्रम संयोजक भवानीशंकर ने बताया कि प्रथम दिन एकल नृत्य एवं समूह नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में आरजू जांगिड़ ने प्रथम, भूमिका राजपुरोहित ने द्वितीय तथा तनु स्वामी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं समूह नृत्य प्रतियोगिता में भूमिका राजपुरोहित एवं हिमानी सोनी ने प्रथम, आरजू एवं खुशी भाटी ने द्वितीय तथा पलक एवं पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका महेश कुमार, शुभम बंसल, जयरतन लखेरा, डॉ सुनीता मीणा, डॉ सिद्धि गुप्ता एवं सुनीता गोदारा ने निभाई। कार्यक्रम के दौरान कमलेश कुमार जोशी, अल्का जांगिड़, लालचंद मीणा व प्रभाकर दीक्षित सहित अनेक संकाय सदस्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं का संचालन सुमन एवं लता गुर्जर द्वारा किया गया।

# गहलोत जयंती 26 जनवरी को

मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** जादू-कला के पुरोधा स्वर्गीय जादू कमल बाबू लक्ष्मणसिंह गहलोत के जन्मदिवस को जादूगर दिवस के रूप में मनाने की परंपरा इस वर्ष भी जारी रहेगी, शेखावाटी मैजिक सर्किल सीकर द्वारा 26 जनवरी को यह आयोजन किया जाएगा। सर्किल के अध्यक्ष एवं प्रख्यात जादूगर एस. लाल ने बताया कि संस्था पिछले 53 वर्षों से लगातार यह आयोजन कर रही है, जो जादू कला के प्रति उनके समर्पण और अपने गुरु के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है।

यहाँ उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय लक्ष्मणसिंह गहलोत राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पिता थे और जादूगर एस. लाल के गुरु भी रहे। इस दिन सीकर के जादूगर समुदाय द्वारा उनके योगदान को याद किया जाएगा और कलात्मक श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

# नगर परिषद की ओर से हटाई जा रहे टेलीफोन के अनुपयोगी पोल

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** कच्चा बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन तक बाजारों में नगरपरिषद की ओर से आवागमन को सुचारु करने के लिए एक और प्रयास किया जा रहा है। बाजारों में खड़े अनुपयोगी टेलीफोन के पोल को नगरपरिषद टीम की ओर से हटाने का कार्य किया जा रहा है। आवागमन में बाधा नहीं हो इसके लिए यह कार्य रात्रि के समय किया जा रहा है और कार्य करते समय सभापति राजकरण चौधरी स्वयं मौजूद रहते हैं। नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी ने बताया कि बीएसएनल की ओर से बहुत वर्षों पहले टेलीफोन के लिए पोल लगाए गए थे जो पूरी तरह से अनुपयोगी हो चुके हैं और आवागमन को बाधित करते हैं। मुख्य बाजारों में काफी संख्या में यह पोल लगे हुए हैं और जगह-जगह इन पोल के कारण आवागमन बाधित तो होता है। उन्होंने कहा कि हमारे नगरपरिषद टीम की ओर से इन पोल को अब हटाया जा रहा है और यह पोल हटाने के बाद निश्चित रूप से आवागमन में आसानी होगी। वही नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी द्वारा लगातार किए जा रहे इस प्रकार के कार्यों की चर्चा पूरे शहर में बनी हुई है और हर शहरवासी नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी के इन कार्यों की प्रशंसा करता हुआ नजर आ रहा है।

# एस सेट परीक्षा 2026 के प्रथम चरण का हुआ आयोजन



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** कस्बे की सीसीए शिक्षण संस्थान समूह द्वारा संचालित स्वर्णिम करियर इंस्टीट्यूट द्वारा रविवार को एस सेट परीक्षा 2026 के प्रथम चरण का आयोजन किया गया। संस्थान निदेशक डॉ अजय सक्सेना व कविता सक्सेना ने बताया कि छात्रवृत्ति व नकद पुरस्कार के लिए आयोजित इस परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। परीक्षा नियंत्रक फिजिक्स हेड प्रदीप सैनी, मैथ हेड महेंद्र सामोता एवं कोऑर्डिनेटर रघुवीर सिंह तंवर/महेंद्र सिंह महला ने बताया कि इस परीक्षा में कक्षा 10 व 12 में अध्यनरत विद्यार्थियों ने भाग लिया।

परीक्षा का दूसरा चरण 8 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा। जिन विद्यार्थियों ने प्रथम चरण में भाग नहीं लिया है वे दूसरे चरण में भाग ले सकते हैं तथा जिन्होंने प्रथम चरण में भाग ले लिया है वे भी द्वितीय चरण में भाग लेकर अपने अंको में सुधार कर सकते हैं। दूरदराज से आए स्कूली छात्र-छात्राओं से बात की गई तो उन्होंने पेपर के स्तर को बहुत अच्छा बताया साथ ही ग्रामीण परिवेश में स्वर्णिम करियर इंस्टीट्यूट द्वारा प्रतिवर्ष स्थापित किए जा रहे आयामों की खुलकर सराहना की। प्रथम चरण की परीक्षा में 1077 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा के सफल आयोजन में स्वर्णिम करियर इंस्टिट्यूट के कृष्ण कुमार छीपा, झाबर निठारवाल, मुकेश देवंदा, मुकेश मील, रमेश हरितवाल, अर्जुन राजोरिया, दिनेश सैनी, विक्रम यादव, पिंटू कुमावत, पंकज बगड़िया, भागचंद कुमावत, केदार बुला, विजय गोपाल शर्मा, अशोक कुमावत, अंकित चौधरी, सुशील कुमार, रविन्द्र, शीलू पारीक, मनोज कुमावत, देवेंद्र सिंह रलू, अशोक मोगा सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए यह सफल आयोजन करवाया।

# प्रताप के मूल्य जीवन प्रबंधन हेतु आज के दौर में भी प्रासंगिक व अनुकरणीय : बिस्सा

निसं



**बीकानेर ( नवयत्न )।** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा महाराणा प्रताप बलिदान दिवस मनाया गया जिसमें बोलते हुए मुख्य वक्ता प्रबंधन गुरु इंजीनियरिंग कॉलेज के डॉ गौरव बिस्सा ने कहा कि प्रताप के जीवन से आज भी विद्यार्थी जीवन प्रबंधन के गुर सीख सकते हैं। मूल्यों को जीवित रखते हुए सम्मानजनक शांति, सामान्य वर्ग के साथ समन्वय व महिलाओं के प्रति सम्मान का उल्लेखनीय उदाहरण महाराणा प्रताप रहे। अपने उद्बोधन में डॉ बिस्सा ने आज के शिक्षार्थियों के इतिहासबोध की कमी पर भी चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं से प्रताप जैसे शूरवीरों की जीवनियां पढ़ने का आह्वान किया। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन में विषय प्रवर्तन करते हुए इतिहास विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष डॉ मेघना शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप ने स्वतंत्रता व स्वराज्य के सिद्धांत को ऐसे समय में जीवित रखा जब अधिकांश क्षेत्रीय ताकतों ने अपनी सत्ता, वैभव और सुख सुविधाओं के लिए मुग़ल अधीनता स्वीकार कर ली थी। प्रताप का जीवन सिखाता है कि कष्ट का जीवन अपमान के साथ सुख से कहीं अधिक श्रेष्ठ है और इसी प्रवृत्ति के कारण महाराणा प्रताप आज तक भारतीय सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग हैं। विधि विभाग के विद्यार्थी बैरिशाल सिंह नीमराना ने प्रताप के जीवन पर आधारित गीत मंच से गाया। महाराणा प्रताप के बलिदान को याद करते हुए अतिथियों व विद्यार्थियों द्वारा उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम का संचालन रिंकू जोशी द्वारा किया गया तो धन्यवाद ज्ञापन डॉ गोपाल व्यास द्वारा दिया गया। आयोजन में विभाग के डॉ रीतेश व्यास, डॉ खुशाल पुरोहित, भगवान सुथार, जसप्रीत सिंह, किरण, रामोवतार उपाध्याय, तेजपाल भारती, बजरंग कलवानी व उमेश पुरोहित आदि शामिल रहे।

# अश्लील फोटो वायरल कर देह शोषण के लिए दबाव बनाने का मामला दर्ज

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** नाबालिगा को नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ ज्यादती करने एवं अश्लील फोटो लेकर देह शोषण के लिए पुन: दबाब बनाने के आरोप का मुकदमा रतनगढ़ पुलिस थाना में दर्ज हुआ है।

पुलिस ने पीड़ित 17 वर्षीय नाबालिगा की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि नाबालिगा अपनी मां के साथ थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दी कि जून 2025 में वह ई-मित्र पर फॉर्म भरवाने के लिए गई थी, जहां पर शहर के ही शाहिद से उसका संपर्क हुआ।

सामान्य बातचीत से उससे जान-पहचान हुई। अगस्त में शाहिद ने नाबालिगा को शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला-फुसलाकर घर ले गया, जहां पर नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ ज्यादती की। इस दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील फोटो भी ले ली।

होश आने पर आरोपी उसे शहर के चूरू रोड पर स्थित चुंगी नाका क्षेत्र में छोड़कर चला गया। अब शाहिद उसे फोटो को वायरल करने की धमकी देकर देह शोषण का दबाब बना रहा है तथा जान से मारने की धमकी दे रहा है। नाबालिगा के गुमशुम रहने पर जब मां ने कारण पूछा, तो उसने उक्त घटना मां को बताई, जिस पर मां व बेटी रविवार को पुलिस थाना पहुंची तथा मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच सीआई गौरव खिड़िया कर रहे हैं।

## जन्मदिवस पर किया वृक्षारोपण



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया एवं चूरू सांसद राहुल कस्बा के तीन दिवसीय जन्म महोत्सव के अंतर्गत आज सोमवार को मंडेलिया ने भाई जी हनुमान प्रसाद पोद्दार, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं नगर सेठ सूरजमल जालान जैसे महापुरुषों को नमन कर जन्मदिन की शुरुआत की। इस अवसर पर मंडेलिया ने कहा कि भाई जी हनुमान प्रसाद पोद्दार रतनगढ़ ही नहीं पूरे हिंदुस्तान की गौरव है उन्होंने कहा की जालान परिवार ने शहर के लिए जो किया है उसके लिए क्षेत्र वासी सदैव उनके ऋणी रहेंगे। देव स्तुति के तहत जन्मदिन पर मंडेलिया ने मालासी भैरवनाथ मंदिर में टीन शेड निर्माण की घोषणा की। महोत्सव के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सारस्वत एवं मंडेलिया ने रेलवे स्टेशन पर बने डिवाइडर पर 300 पेड़ लगाकर ग्रीन पट्टी विकसित की एवं सफाई श्रमिकों को मिठाई वितरित की। कार्यक्रम में रघुनंदन धरेंद्रा, चरण सिंह कोका, अनिल भारतीय, अरुण रामगढ़िया, सुशील काछवाल, विनोद भातरा, प्रकाश सारस्वत ने मंडेलिया को शाल, माला एवं दुपट्टा उढ़ाकर उनके सुखद है मंगलमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम में पार्षद राजेश गहलोत, अनिल सियोता, नूर मोहम्मद, साबिर तेली, मनीष मेघवाल, खिराज मेघवाल, भंवरलाल सैनीएविजय कुमार बिजारणिया, कुतुबुद्दीन पठान, सलीमुद्दीन कुरेशी, निजामुद्दीन पठान आदि उपस्थित थे।

## शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था से आमजन परेशान



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर शहरवासी एवं वाहन चालक काफी समय से परेशान है। प्रशासन की उदासीनता के कारण आमजन एवं व्यापारी पिछले कई महीनों सेपरेशानी का समाना कर रहे है। बार बार शिकायतों के बाद व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पुलिस प्रशासन आज सोमवार को बाजारों में आकर सड़क पर हुए अतिक्रमण को हटाने के सख्ती से निर्देश दिए। पुलिस की इस कार्रवाई से एक दफा बाजार के व्यापारियों में हड़कंप भी मच गया और पुलिस को देखकर आनन-फानन में अपने सामान को अंदर रखा। प्रशिक्षु डीवाईएसपी स्वाति के निर्देशन में एएसआई सुरेशकुमार व भंवरलाल सहित पुलिस जाप्ते ने शहर के अशोक स्तम्भ के पास से अभियान को शुरू किया। अभियान के अंतर्गत शहर के चारों बाजारों में पुलिस ने घूमकर व्यापारियों को अपने सामान को दुकान के अंदर रखने एवं अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी। साथ ही व्हाइट पट्टी के अंदर ही वाहनों को खड़ा करने के लिए कहा। इस दौरान बेतरतीब ढंग से खड़े 13 वाहनों के मौके पर ही ऑनलाइन चालान भी काटे गए। पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों से आह्वान किया कि वे यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं ट्रैफिक जाम जैसी समस्या से आमजन को निजात दिलवाने में अपना सहयोग प्रदान करते हुए सामान को अंदर रखे।

## महावर की मूर्ति का संतों के सानिध्य में हुआ अनावरण



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में माली सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष रहे स्वर्गीय राधेश्याम महावर की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम माली सैनी समाज भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 1008 संत ओम नाथ चंचल नाथ टीला झुंझुनू के सानिध्य में राधेश्याम महावर की पत्नी रामप्यारी, पुत्र रवि महावर, माली सैनी समाज के अध्यक्ष शंकरलाल खडोलिया के कर कमलों से पंडित देवकीनंदन दाधीच के मंत्रों उच्चारण के साथ किया गया। इस मौके पर आरती महावर, बनवारी लाल, जगदीश, राम अवतार, नंदलाल, दुलीचंद, हंसराज महावर, माली सैनी समाज के नवयुवक मण्डल अध्यक्ष बाबूलाल मारोठिया, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण खडोलिया, मंत्री नेमीचंद महावर, मांगीलाल, निर्मल महावर, पूनमचंद महावर, नथमल खडोलिया, राजेंद्र टाक, धीरज सैनी, तेजाराम सांखला, सांवरमल सैनी, इंद्र चंद देवड़ा, भवानी मंत्री, शीतल खडोलिया, देवेंद्र खडोलिया, संजय महावर, बजरंग खडोलिया, गोपाल खडोलिया सहित समाज के गणमान्य उपस्थित रहे। इस मौके पर माली समाज के अध्यक्ष शंकरलाल खडोलिया ने कहा कि राधेश्याम महावर के द्वारा समाज हित में किए गए कार्य हमेशा याद रहेगे। उन्होंने हमेशा समाज को एकजुट रहने के लिए हमेशा प्रयास किया तथा भवन निर्माण में भी परिवार का सराहनीय योगदान रहा। वहीं संत ओम नाथ महाराज ने कहा कि उद्योगपति, भामाशाह, समाजसेवक स्व. राधेश्याम महावर शिक्षा प्रेरक तथा सदैव विषम परिस्थितियों में भी समाज को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। उन्होंने कड़ी मेहनत से समाज को प्रेरित करते हुए समाज के उपयोग हेतु सर्वजन हिताय में भवन निर्माण में सर्वाधिक योगदान रहा है।

# आर्शीवाद बालाजी धाम का वार्षिकोत्सव मनाया

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में स्थानीय नुवां रोड़ पर स्थित श्री आशीर्वाद बालाजी धाम का वार्षिकोत्सव पर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा के सानिध्य में देवकीनंदन रिणवा, विकास, सौरभ, मनीष, निशांत व रिणवा परिवार ने ध्वज पुजा के साथ निशान पद यात्रा रिणवा के निज आवास से सकिर्तन के साथ रवाना हुई। पद यात्रा का पंचमुखी बालाजी धाम के पास सोहनलाल वर्मा, राधेश्याम वर्मा वह सुभाष वर्मा ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रिणवा का माल्यार्पण कर स्वागत। महेश सीमार की ओर से मनोज जोशी ने भी पूर्व मंत्री रिणवा, देवकीनंदन रिणवा सहित कई भक्तों का दुपट्टा उढ़ाकर व हार पहनाकर स्वागत किया। वहीं महेश आईस फैक्ट्री की ओर से महेश चंद्र शर्मा, राकेश शर्मा सहित कई गणमान्यजनों ने दुपट्टा ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। निशान यात्रा चौथा पुलिया होते हुए लिंक रोड़, पंचमुखी बालाजी धाम से संगम चौराहे पर पहुंचने पर अशोक, महेश, बब्लू व हरिओम लढाणिया ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। यात्रा नुवा रोड़ होते हुए आर्शिवाद बालाजी धाम पहुंची। श्री आशीर्वाद बालाजी मंदिर सायं छप्पन भोग प्रसाद एवं पोष बड़ा, सुंदरकांड का सामूहिक अखंड पाठ व महा प्रसाद कार्यक्रम आयोजित हुआ इस अवसर पर ओमप्रकाश सीमार, श्याम पारीक, अनील मेघवाल, जयदेव माली, गोविन्द सोनी, शंकरलाल गुरावा, श्रवण मिटावा, पुर्व पालिकाध्यक्ष किशोर लाल बील, लिंटू कल्पनाकांत, कांग्रेस नेता हैमन्त सारस्वत, मुरलीधर झिकनाड़िया, ओमप्रकाश शर्मा, भाजपा पूर्व अध्यक्ष अरविंद इंदौरिया, ओमप्रकाश सीमार, ओमप्रकाश जांगीड़, बद्री प्रसाद बंशीया, नन्द किशोर माठोलिया, मुरलीधर मंडगीरा, संजय पुरोहित, श्याम पारीक, कुणाल व्यास, पंकज जोशी, निरंजन ताम्रयत, पवन काछवाल, किशन भाटी, दीपक डिडवानिया, पुर्णाराम गोदारा, अनुप पिपलवा, बनवारी लाल बील, पंडित रामोतार शर्मा, मधुसूदन स्वामी, गोपाल पारीक, महावीर शर्मा, ओमप्रकाश चोमाल, हिरालाल नोहाल, रामोतार नोखवाल, अरुण रामगढ़िया, महाबीर खैतान, गिरधारी कड़ेल, प्रकाश चौधरी, ओमप्रकाश मंगलाहारा, कैलाश नोहाल, अंजनी चोटिया, कमल कसेरा, बनवारी लाल सोनी, हिरालाल कुम्हार, प्रदीप कुमार धई, रामकिशन नोहाल, पप्पू भार्गव, रामकिशोर नोहाल, सत्वर्त चतुर्वेदी, अशोक वर्मा, भागीरथ कोका, मनीराम पंवार, प्रहलाद पारीक, सुशील हारित, श्यामसुंदर जोशी, गजानंद चोटिया, श्याम सुंदर नोहाल सहित सैकड़ों गणमान्यजन उपस्थित थे।

## कोहरे का कहर, मेघा हाइवे पर भिड़े तीन वाहन



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ क्षेत्र में कोहरे का कहर देखने को मिला। मेगा हाईवे पर मालासर टोल नाका के पास एक के बाद एक करके तीन वाहन आपस में भिड़ गए। हादसे में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को राजकीय जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर दो की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया है। हादसा इतना भीषण था कि एक वाहन के केबिन में चालक इस तरह फंस गया कि करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने टोल कर्मचारियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से उसे बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार एक टैंकर सरदारशहर की तरफ जा रहा थाए वहीं डंपर रतनगढ़ की तरफ आ रहा था। इसी दौरान एक कार ने मेगा हाइवे पर ओवरटेक के प्रयास किया कि इसी दौरान कोहरे के कारण डंफर व टैंकर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई तथा कार पीछे से डंफर से जा टकराई। घटना में थार में सवार 66 वर्षीय कृष्णा देवी अग्रवाल एवं 46 वर्षीय संजय अग्रवाल घायल हो गया। वहीं टैंकर चालक भीलवाड़ा निवासी 23 वर्षीय सुरेश गुर्जर वाहन के केबिन में फंस गया, जिसे करीब करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी की सहायता से केबिन तोड़कर बाहर निकाला गया। हादसे में घायल कृष्णा देवी और सुरेश गुर्जर को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने रेफर कर दिया है। सूचना पर रतनगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली।

## एक जिला-एक पहचान थीम पर आयोजित होगी पंच गौरव चित्रकला प्रतियोगिता

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार पंच-गौरव प्रोत्साहन योजना के तहत विद्यार्थियों को योजना की महत्ता-उपयोगिता एवं आवश्यकता से परिचित कराने के उद्देश्य से 22 जनवरी को जयपुर जिले के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को आयोजन के संबंध में जिम्मेदारियां सौंपी है। चित्रकला प्रतियोगिता की थीम एक जिला-एक पहचान निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत विद्यार्थी आमेर दुर्ग, कबड्डी खेलते हुए खिलाड़ी, रत्नाभूषण, आंवला का पौधा एवं उससे निर्मित उत्पाद तथा लिसोड़ा का पौधा एवं उससे निर्मित उत्पादों से संबंधित चित्र बनाएंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को जिले की सांस्कृतिक विरासत, खेल परंपरा एवं स्थानीय उत्पादों की पहचान से अवगत कराना है। प्रतियोगिता का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण में ग्राम पंचायत, नगर परिषद एवं नगरपालिका स्तर पर तीन सर्वश्रेष्ठ चित्रकला बनाने वाले विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। द्वितीय चरण में ब्लॉक स्तर पर चयनित विद्यार्थियों में से तीन सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन कर उपखण्ड स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। तृतीय चरण में जिला स्तर पर तीन सर्वश्रेष्ठ चित्रकला बनाने वाले विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें जिला स्तर पर पंच-गौरव योजना के अंतर्गत प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही पंच-गौरव प्रोत्साहन योजना योजना पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई चित्रकलाओं की प्रदर्शनी उपखंड एवं जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने संबंधित विभागों एवं विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए हैं कि प्रतियोगिता का आयोजन निर्धारित तिथि पर सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जाए। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ जिले की विशिष्ट पहचान और पंच-गौरव योजना की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी।

## एक दिवसीय शिविर आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** श्री कृष्ण सत्संग बालिका महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी शचि अग्रवाल ने बताया कि स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ रामकृष्ण शर्मा ने स्वयंसेविकाओ को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि हमें बाहरी स्वच्छता के साथ-साथ आन्तरिक स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए। बौद्धिक सत्र में उपप्राचार्य डॉ अंजुबाला सीमार ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करती हैं। स्वयंसेविकाओं का मुख्य कर्तव्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है।

## आर्मी डे परेड में पूजा सारण ने बढ़ाया मान

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** एसबीडी राजकीय महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट अंडर ऑफिसर पूजा सारण ने जयपुर में आयोजित 78वीं आर्मी डे परेड में 7 राजस्थान एनसीसी बटालियन, बीकानेर का प्रतिनिधित्व कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट कमलेश जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 जनवरी को सेना दिवस के अवसर पर जयपुर में भव्य आर्मी डे परेड का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि आर्मी डे परेड का आयोजन वर्ष 1949 से निरंतर किया जा रहा है। बी.ए. सेमेस्टर-5 की छात्रा पूजा सारण ने इस परेड में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आर्मी डे परेड के दौरान कैडेट्स ने ड्रिल, मार्च पास्ट एवं अनुशासित प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने कठोर प्रशिक्षण और देशभक्ति की भावना का प्रभावी प्रदर्शन किया, जिस पर भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा चयनित कैडेट्स को सम्मानित भी किया गया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कविता शर्मा ने पूजा सारण को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल एनसीसी इकाई ही नहीं, बल्कि पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स के निरंतर परिश्रम, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना की सराहना की। कैडेट पूजा सारण ने अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय एनसीसी प्रभारी, प्राचार्य, बटालियन के प्रशिक्षकों एवं अपने परिवार के सहयोग को देते हुए भविष्य में भी राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य शेर सिंह, भवानी शंकर, डॉ. सुनीता मीणा, डॉ. देवीलाल, डॉ. सिद्धि गुप्ता, सुमन, डॉ. अलका जांगिड़, शुभम बंसल, महेश कुमार, जय रतन, लता गुर्जर, सुनीता एवं डॉ. प्रभाकर दीक्षित सहित अन्य उपस्थित रहे।

## स्वर्णकार जन सेवा संस्थान गठित



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में स्वर्णकार समाज के व्यक्तियों ने रविवार देर शाम को गांधी चौक में स्थित पवन कड़ेल के निज आवास पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित जनों ने विचार विमर्श करते हुए स्वर्णकार समाज में शिक्षा व सेवा कार्यों को बढ़ावा देने के लिए समाज हित में सामाजिक कार्यों को गति देने के लिए उपस्थित जनों ने एक मत होकर स्वर्णकार जन सेवा संस्थान समिति का गठन करने का निर्णय लिया। जिसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति को साथ लेना, शिक्षा, व्यापार संबंधित विषयों पर एक होकर सामाजिक कार्य करना समिति के मुख्य उद्देश्य होंगे। शिक्षा के प्रति समाज के बच्चों को जागरूक करना, आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक सहायता करना, समाज के कार्यक्रम जैसे विवाह इत्यादि में समिति यथा समय सेवा कार्य में सहयोगी बनेगी। सामाजिक व्यक्ति को यदि कोई सहयोग की आवश्यकता होगी तो यथा संभव सहयोग करना समिति का कर्तव्य होगा। समाज में प्रेम और भाईचारा के लिए हर संभव प्रयास करना। समिति के सभी कार्य व निर्णय पदाधिकारियों की सहमति से व बहुमत से होंगे समाज के व्यक्तियों की गई सहायता को भी गोपनीय रखा जाएगा। सर्व सहमति से ओमप्रकाश को अध्यक्ष बनाया गया तथा मंत्री अशोक कड़ेल, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर, उपाध्यक्ष रामअवतार कड़ेल, उप मंत्री गोपाल, उप कोषाध्यक्ष कृष्ण कड़ेल, प्रचार मंत्री शिवभगवान जोड़ा, मनोज कड़ेल व जयप्रकाश को नियुक्त किया गया। समिति में कुल 35 सदस्यों को मनोनीत किया गया। संरक्षक के रूप में जयचंदलाल लावट, बजरगलाल कड़ेल, नारायण कड़ेल, सत्य नारायण जोड़ा, हनुमान कड़ेल, हेमराज, नरेन्द्र कड़ेल को बनाया गया। इस मौके पर गणेश कड़ेल, अशोक कड़ेल, विजय कड़ेल, राजकुमार कड़ेल, श्याम सुंदर, मनोज, नरेंद्र, बनवारीलाल, अरुण, शंकरलाल, रामचंद्र, नरेंद्र, पवन, कृष्ण आदि उपस्थित रहे।

## महिलाओं को मिला मार्केटिंग और ब्रांडिंग का प्रशिक्षण

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस पहल के अंतर्गत तीन दिवसीय मार्केटिंग और ब्रांडिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम आयुक्त उद्योग, वाणिज्य एवं सीएसआर विभाग द्वारा संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को मार्केटिंग और ब्रांडिंग के क्षेत्र में दक्ष बनाना है। इस प्रशिक्षण में रतनगढ़ ब्लॉक की 30 एसएचजी महिला सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को उत्पाद की पहचान बढ़ाने, बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए रणनीति तैयार करने और आय सृजन के नए आयामों पर प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान लोकपाल लालचंद ने महिलाओं का मार्गदर्शन किया। समापन पर महिलाओं का सम्मान पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एमएसएमई मित्र जगदीश प्रसाद प्रजापत तथा प्रशिक्षक आराधना शर्मा और जितेंद्र टाक का विशेष सहयोग रहा। पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने महिलाओं को बताया कि सरकार समय-समय पर महिलाओं के लिए बहुत योजना लेकर आती है उसे जुड़कर अपना इनकम बढ़ा सकती है और महिलाओ को आत्मनिर्भर एवं लखपति दीदी की योजना बताई। यह प्रशिक्षण एसएचजी महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग करने, बाजार में मजबूत पहचान बनाने और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त होने का एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर पर उमाशंकर दाधीच, भुवनेश्वर शर्मा, अभय सोनी, मनोज पारीक सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रही।

# भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में भोला बाबा बगीची में ब्रह्मलीन जसनाथी संत पुष्कर नाथ महाराज की 20 बरसी पर बगीची महंत सोमनाथ महाराज, संत सुरजीत नाथ महाराज के सानिध्य में 5 कुंडीय अन्नपूर्णा रुद्र महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन व्यास पीठ पर विराजमान नापासर के पंडित केदार जोशी कथावाचक ने आगे कहा कि जब-जब धरती पर आसुरी शक्तियां हावी हुई, तब-तब परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लिया और पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। उन्होंने बताया कि मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रूप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया। भगवान कृष्ण ने धर्म और प्रजा की रक्षा करते हुए कंस का अंत किया। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का भी वर्णन किया। भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भगवान के जन्म लेते ही पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने बधाइयां दी। इस अवसर पर संत प्रेमनाथ, संत काननाथ, संत नंदी नाथ, संत मनोहर नाथ, शिवालय पुजारी रामचंद्र शर्मा, कथा के मुख्य यजमान गिदाराम सुथार सपत्नीक रहे। कथा में रतनगढ़ के विधायक पूसाराम गोदारा, पूर्व सरपंच मनफूल टांडी, मुरारी प्रजापत, भवानी मंत्री, नंदू माली आदि ने पूजा अर्चना की। व्यवस्थापक छगनलाल शर्मा, पंकज सेन, पवन, सीताराम जाट, दीनदयाल प्रजापत, दीपक प्रजापत, गोविंद माली, भंवरलाल प्रजापत, नंदूसिंह, जयचंद नाई, रामाकिशन, परमेश्वर शर्मा सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## शेखावाटी परिवार ने कच्ची बस्ती में किया कंबल वितरण

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** सामाजिक क्षेत्र में निरंतर कार्य करने वाले सामाजिक संगठन शेखावाटी परिवार ने चिड़ावा की झुग्गी व कच्ची बस्तियों में कंबल वितरण किया। सामाजिक कार्यों में अग्रणी शेखावाटी परिवार ने गत दिनों बालिका शिक्षा और कला प्रोत्साहन और द कलाम विजन जैसे अनुकरणीय कार्यक्रमों का आयोजन करवाया। कंबल वितरण भी उसी एक श्रंखला का हिस्सा है जो झुग्गी व कच्ची बस्तियों की वंचित आबादी को सर्दियों से राहत देने की अच्छी पहल है। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष वर्षा सोमरा, युवा नेता सुनील भड़िया, कवि नगेन्द्र शर्मा, आशु स्वामी, राजकुमार मेघवाल, सज्जन गोदारा, कर्मवीर गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# बेरोजगारी का दंश




केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है, जिसमें गत दिसंबर में बेरोजगारी दर बढ़कर 4.8 फीसदी होने की बात कही गई है। भारत दुनिया में युवाओं के देश के रूप में जाना जाता है। लेकिन हम इस युवा शक्ति का भरपूर उपयोग राष्ट्र विकास में नहीं कर पा रहे हैं। चिंता की बात यह भी है कि देश के शहरी क्षेत्र में पंद्रह वर्ष से अधिक आयुवर्ग के युवाओं में बेरोजगारी की दर गांवों के मुकाबले ज्यादा है। जहां शहरों में यह प्रतिशत बढ़कर 6.7 फीसदी हुआ है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में यह 3.9 फीसदी स्थिर है। हाल ही के वर्षों में बेरोजगारी देश में बड़ा मुद्दा रहा है, जो भारत जैसे विकासशील देश के हित में नहीं है। किसी भी अर्थव्यवस्था में विकास दर तभी सार्थक होगी, जब रोजगार के नये मौके उपलब्ध हो रहे हों। नीति-नियंताओं को आत्ममंथन करना होगा कि दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था में रोजगार के नये अवसर क्यों नहीं बन रहे हैं। सरकारें सुनिश्चित करें कि युवाओं को देश की तरक्की में योगदान देने का अवसर मिले। यदि बेरोजगारी की दर बढ़ रही है तो इसके मायने हैं कि संगठित और असंगठित क्षेत्र में नौकरी के मौके बढ़ नहीं रहे हैं। कहा जा रहा है कि औद्योगिक क्षेत्रों में एआई और डिजिटलीकरण के चलते भी नौकरियां घटी हैं। तो क्या हम इस चुनौती के लिये अपने युवाओं को तैयार कर रहे हैं? निश्चित रूप से देश के नीति-नियंताओं को मंथन करना चाहिए कि 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्किल इंडिया' जैसे अभियानों के जमीनी परिणाम उत्साहवर्धक क्यों नहीं हैं? युवाओं की कौशल विकास कार्यक्रमों में भागीदारी के बावजूद रोजगार के मौके क्यों नहीं बढ़ रहे हैं? क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था समय के साथ कदमताल नहीं कर पा रही है? विडंबना यह भी है कि बढ़ती आबादी के बावजूद सरकारी क्षेत्र की नौकरियां कम हो रही हैं। युवाओं की शिकायत होती है कि सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया में तमाम तरह की विसंगतियां व्याप्त हैं। वे परीक्षा प्रणाली पर भी सवाल उठाते रहे हैं। निस्संदेह, बढ़ती बेरोजगारी हमारे विकास के मापदंडों पर भी सवाल खड़ी करती है। निश्चित रूप से संतुलित आर्थिक विकास की सार्थकता के लिए जरूरी है कि देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़े तथा आर्थिक असमानता भी दूर हो। तेज विकास दर के साथ लोगों के जीवन में खुशहाली भी आनी चाहिए। रोजगार के अवसर बढ़ने से ही समाज में खुशहाली आ सकती है। जब देश में रोजगार के मौके बढ़ेंगे तो समाज में वास्तविक समृद्धि आ सकती है।

रोजगार के अवसर बढ़ने से उत्पादकता बढ़ेगी और महंगाई पर नियंत्रण पाने में भी मदद मिलेगी। निस्संदेह, बढ़ती क्रय शक्ति भी अर्थव्यवस्था को गति देती है। निर्विवाद रूप से बेरोजगारी कम किए बिना हम देश के सौ साल पूरे होने तक विकसित भारत का लक्ष्य मुश्किल से हासिल कर पाएंगे। हमें एआई व डिजिटल चुनौती के मुकाबले के लिए युवाओं का कौशल विकास तेज करना चाहिए।

## विशेष आलेख

# मोदी सरकार की सांस्कृतिक महत्वाकांक्षा के निहितार्थ



दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालय, 'युगे-युगीन भारत' की पहली गैलरी साल के आखिर तक खुल जाएगी। इसी कड़ी में दिल्ली में प्रधानमंत्री संग्रहालय व अयोध्या में भारतीय मंदिर वास्तुकला संग्रहालय का निर्माण भी हो रहा है, जो सांस्कृतिक तौर पर महत्वाकांक्षी परियोजनाएं हैं। जरूरी है कि सरकारें देश में ऐसी सभी गौरवपूर्ण सांस्कृतिक धरोहरों पर एक समान ध्यान दें।

भारत भले ही अपने सबसे महत्वपूर्ण विदेशी भागीदार, अमेरिका के साथ राजनीतिक द्वंद्व में उलझा हो, जबकि अर्थव्यवस्था, जैसा कि जाने-माने वित्तीय पत्रकार टीएन नाइनन ने पिछले हफ्ते की शुरुआत में इन कॉलम में बताया था -'मिलनसार होने की बजाय शर्मीली ज्यादा' है - लेकिन सांस्कृतिक ऊंचाइयों को भव्य पैमाने पर पेश करने की सरकार की 'कभी हार न मानने वाली' महत्वाकांक्षा जस-की-तस है। दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालय, 'युगे-युगीन भारत' की पहली गैलरी साल के आखिर तक खुल जाएगी।

इसका पैमाना निश्चित रूप से बहुत विशाल है। सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर आज तक के भारत की गाथा बताने वाली 1,00,000 कलाकृतियों को नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक की 30 दीर्घाओं में प्रदर्शित जाएगा, लुटियंस दिल्ली में ब्रिटिश राज की ये इमारतें नौकरशाही के आला अधिकारियों का पिछले सौ सालों से कार्यस्थल रहा है। संग्रहालय में बारे में कुछ ऐसा है जो मोदी सरकार को खासतौर पर भाता है। शायद, बहुजन समाज पार्टी की दलित नेता मायावती की तरह — जिनके खुद के और उनके गुरु कांशी राम और बाबा साहेब अंबेडकर के स्मारक लखनऊ और दिल्ली के बाहरी इलाकों में जगह-जगह बने हैं-मोदी को ज्ञात होगा कि आप उनसे नफरत करें या प्यार, लेकिन स्मारकों को समय की परीक्षा झेलनी पड़ती है। (यही वजह है कि 1991 के आखिर में जब यह स्पष्ट हो गया कि सोवियत संघ बिखरेगा, तो प्रति-क्रांतिकारियों ने सबसे पहले लेनिन और मार्क्स की मूर्तियों पर ही हमला बोला था।) और इसीलिए, जब से मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, पिछले 11 सालों में नई दिल्ली का स्वरूप धीरे-धीरे फिर से बदलकर नया रूप दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री संग्रहालय, जहां मोदी समेत हर विगत प्रधानमंत्री के लिए एक गैलरी होगी- जिसका ज़िक्र दिल्ली आने वाली शताब्दी ट्रेनों के पब्लिक एड्रेस सिस्टम पर होता है -से लेकर युगे-युगीन भारत तक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व भाजपा का भारत के हृदय में एक खास यादगार बनाने की महत्वाकांक्षा का प्रदर्शन बेमिसाल है। प्रभावशाली तथ्य यह कि भाजपा के लिए कुछ भी छोटा नहीं। दिसंबर के आखिरी हफ़्ते में जालंधर में हुए हरिवल्लभ संगीत समारोह में, जिसने अपनी 150वीं सालगिरह मनाई है, संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत नहीं आ पाए ङ्क इसलिए उन्होंने एक वीडियो संदेश भेजा जिसमें कहा कि सरकार को देश के सबसे पुराने संगीत समारोह के लिए एक ऑडिटोरियम बनाने में खुशी होगी। तालियों के बीच जो अनकहा संदेश संलग्न था, वह यह कि बीजेपी पंजाब की लुप्त हो रही विरासत को पुनर्स्थापित करने में मदद हेतु कुछ भी करेगीङ्क और अगर पंजाब के लोग उसे वोट देकर यह एहसान चुकाते हैं, तो इससे ज़रूर मदद मिलेगी। इसीलिए दिल्ली में प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में उद्घाटन की गई पिपरहवा बुद्ध अवशेषों की प्रदर्शनी में रखी वस्तुओं के विवरण पर बहुत कम ध्यान दिया देखकर हैरानी हुई। जो लोग इसकी पृष्ठभूमि नहीं जानते, उनके लिए बता दें कि औपनिवेशिक ब्रिटिश हुकूमत के एक इंजीनियर विलियम क्लैक्सटन पेप्पे ने 1898 में बर्डपुर एस्टेट के तहत आते पिपरहवा नामक गांव में कुछ रत्न, गौतम बुद्ध के अस्थि अवशेष और राख वाले पांच छोटे कलश खोज निकाले थे, नेपाल सीमा के दक्षिण में कई एस्टेट्स का प्रबंधन उनके जिम्मे था। साल 2025 में, जब पेप्पे के वंशजों ने हांगकॉन्ग में अपने पास रखे बुद्ध अवशेषों की नीलामी करने का फैसला किया, उससे देशभर में खलबली मची, तत्पश्चात केंद्र सरकार ने गोदरेज इंडस्ट्रीज के साथ मिलकर रत्नों व अवशेषों को खरीदने और वापस मातृभूमि लाने का फैसला किया।

प्रधानमंत्री ने उस समय कहा था ='यह हर भारतीय को गौरवान्वित महसूस कराएगा कि भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेष 127 साल लंबे अरसे बाद घर (भारत) वापस आ गए हैंज'। निश्चित ही, भारत को एक प्राचीन सभ्यता, सिंधु घाटी, और एक प्राचीन विचारधारा,बौद्ध धर्म के सही उत्तराधिकारी के रूप में स्थापित करने की महत्वाकांक्षा देखना प्रभावशाली है।

वहां पर वही थे, आपके सामने एक बुलेटप्रूफ केस में, शानदार रत्न। उन्हें निहारते हुए आप 'चांदी और सोने में उकेरे तारे, तश्तरियों में सोने की पत्तियों में उभरे बौद्ध प्रतीक और नाना आकार के मोतीज, मनके, लाल या सफेद कार्नेलियन, एमेथिस्ट, पुखराज, गार्नेट, मूंगा और क्रिस्टल पर तराशकर बनाए तारे और फूल'ङ्कयह सारी जानकारी 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट पिपराहवा डॉट कॉम' से लेनी पड़ी क्योंकि प्रदर्शनी में यह सब जानकारी उपलब्ध नहीं, न तो वहां मौजूद युवा किंतु खुद अनभिज्ञ स्वयंसेवक बता पाए और न ही प्रदर्शनी की आयोजक डिज़ाइन फैक्ट्री इंडिया (डीएफआई) नामक कंपनी दे पाई। गौरतलब है कि उक्त कपंनी अपनी मशहूरी इस दावे के आधार पर करती है कि उसने वड़नगर में नगर का 'बुद्ध से नाता' थीम पर एक संग्रहालय बनाया है, और भुज में 2001 के भूकंप की याद में एक संग्रहालय भी बनाया है।

प्रदर्शनी में बुद्ध को जीवंत करती शानदार मूर्तियां भी रखी गईं, जिन्हें कोलकाता के भारतीय संग्रहालय, दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय म्यूज़ियम और देश के अन्य कई संग्रहालयों से लाया गया है। इनमें से कई मूर्तियां कभी खैबर-पख्तूनख्वा के उन हिस्सों से आई थीं, जो अब पाकिस्तान में हैं, सिवाय इसके कि सूचना पट्टी पर 'पाकिस्तान' शब्द को 'अविभाजित भारत' से बदल दिया गया है। कुछ पेंटिंग्स 'रिक्रिएटिड' - जिसका मतलब है वे जिस संग्रहालय में रखी थीं, वहां उनकी हालत इतनी खस्ता हो गई कि उन्हें दूसरी जगह ले जाना संभव नहीं।

अब हज़ार साल पुरानी मूर्तियों को गौर से देखने पर आपको भान होता है कि उन्हें साफ किया गया है ङ्कदशकों की जमी धूल,गंदगी हटाने के बाद वे इतनी चमक रही थी। डीएफआई आपकी इस परिकल्पना की पुष्टि करती है। उम्मीद करें कि सफाई करने वालों ने यह करने में उच्च गुणवत्ता वाले द्रवों का इस्तेमाल किया होगा जो आगे चलकर पत्थर का क्षरण न करे- यह प्रक्रिया क्या थी, जानकर अच्छा लगेगा। गोदरेज इंडस्ट्रीज और सरकार के बीच इस प्रकार का पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल भविष्य के लिए एक मॉडल है। हालांकि, साफ नहीं कि क्या गोदरेज वालों ने रत्न अवशेष देश को दान कर दिए हैं या सरकार ने उन्हें खरीद लिया है।

ऐसे में जब दिल्ली के बीचोंबीच युगे-युगीन भारत संग्रहालय आकार ले रहा है, जोकि प्रधानमंत्री के नए आवास से कुछ ही दूरी पर है और जिसका निर्माण कार्य पूरा होने जा रहा है, अपनी दृष्टि अयोध्या पर डालें, जहां राम मंदिर से सटा भारतीय मंदिर वास्तुकला पर एक संग्रहालय बनाया जा रहा है। यह निजी भागीदारी वाली परियोजना है, लेकिन सरकार इस पर निगाह रखे है। इसकी शानदार परिकल्पना वास्तुकला कंपनी ज़ाहा हदीद आर्किटेक्करल कंसर्न की है.

हालांकि युगे-युगीन भारत संग्रहालय बनाने का ठेका इस कंपनी ने देबाशीष गुहा के आर्कोप कॉन्सोर्टियम व लॉस एंजिल्स स्थित कुलपत यंत्रसास्त के हाथों गंवाया हैङ्कजबकि परियोजना को फंडिंग टाटा की सहायक कंपनी इकोफर्स्ट कर रही है।

चलिए अब चंडीगढ़ में अपने घर वापसी करते हैं और इसलिए सेक्टर 10 में सरकारी म्यूज़ियम का एक और दौरा अनिवार्य हो गया, जहां पर बुद्ध की गांधार प्रतिमाएं भी प्रदर्शित हैं - जिन्हें भारत आज़ाद होने पर लाहौर संग्रहालय के साथ आधा-आधा बांटा गया - सिर्फ यह देखने को कि क्या बदलाव की बयार देश के इस हिस्से तक पहुंची है या नहीं। आप अब भी वहां रखे रजिस्टर में अपना नाम लिखते हैं, ठीक वैसे ही जैसे सचिवालय में किसी नौकरशाह से मिलने जाने परङ्कमानो प्रवेश के लिए संग्रहालय का टिकट काफी न हो। संग्रहालय अभी भी सुनसान है। मिनिएचर गैलरी में रखी कुछ चीज़ों को हटा दिया गया है क्योंकि छत की मरम्मत हो रही है, लेकिन वह काम रुका हुआ है क्योंकि ऐसा लगता है कि फंड खत्म हो गया।

## आज का राशिफल

### मेष
कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यस्तता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

### वृष
दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अपने काम पर ध्यान दें। लाभ होगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### मिथुन
दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी।

### कर्क
निवेश शुभ फल देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी, ध्यान रखें।

### सिंह
भाग्य का साथ मिलेगा। व्यस्तता रहेगी। प्रमाद न करें। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे।

### कन्या
अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। शत्रुभय रहेगा। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है।

### तुला
घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। आय में निश्चितता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

### वृश्चिक
समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

### धनु
नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी।

### मकर
कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

### कुंभ
घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। योजना फलीभूत होगी। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है।

### मीन
विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। जल्दबाजी न करें। निवेश शुभ रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# गुनगुने पानी या दूध में मिलाकर खाएं काली मिर्च का पाउडर, मिलेंगे जबरदस्त फायदे



मसाले सिर्फ हमारे भोजन को एक बेहतरीन स्वाद ही प्रदान नहीं करते हैं, बल्कि कई मसाले सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। हमारे किचन में मौजूद ऐसा ही एक मसाला है काली मिर्च। अन्य मिर्च की तुलना में काली मिर्च स्वाद में थोड़ा अलग होती है, लेकिन सेहत के लिए कई जरूरी पोषक तत्वों और औषधीय गुणों से भरपूर होती है। यह कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को आपसे दूर रखने और उनके उपचार में बहुत प्रभावी है। काली मिर्च में विटामिन ए, सी, फ्लेवोनोइड्स, कैरोटीन और एंटीऑक्सीडेंट्स गुण प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं। आयुर्वेद में काली मिर्च को कई समस्याओं के उपचार में प्रयोग किया जाता है अब सवाल यह उठता है, कि काली मिर्च के स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के लिए आप इसका सेवन कैसे कर सकते हैं?

### पाचन बनाए मजबूत

काली मिर्च पेट के लिए बहुत लाभकारी है। अगर आप सुबह गुनगुने पानी में चुटकी भर काली मिर्च पाउडर मिलाकर इसका सेवन करते हैं, तो यह आपका पाचन मजबूत बनाने में मदद करती है। साथ इससे आंतों की सफाई होती है और अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा मिलता है। पेट में गैस, अपच, कब्ज, ब्लोटिंग, सूजन, सीने में जलन या एसिड रिफलक्स जैसी समस्याओं से राहत पाने के लिए यह एक प्रभावी उपाय है।

### पोषण प्रदान करने में करती है मदद

काली मिर्च में विटामिन सी, के जैसे जरूरी विटामिन के साथ ही पाइरिडोक्सिन, राइबोफ्लेविन, थायमिन, फोलिक एसिड, कॉपर, कोलीन, कैल्शियम आदि जैसी जरूरी मिनरल्स से भी भरपूर होती है। काली मिर्च का पाउडर लेने से न सिर्फ शरीर को जरूरी पोषण प्रदान करती है, बल्कि कई गंभीर रोगों को भी दूर रखती है।

### वजन घटाने में मदद करता है

पाचन को दुरुस्त करने के साथ ही काली मिर्च के पाउडर का सेवन करने से मेटाबॉलिज्म भी तेज होता है, जिससे आपको तेजी से वजन कैलोरी और फैट बर्न करने में मदद मिलती है। वजन प्रबंधन के लिए आप चाहें तो ग्रीन में चुटकी भर काली मिर्च पाउडर मिलाकर भी खा सकते हैं।

### कैंसर रोधी गुण होते हैं

काली मिर्च में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी, ए और कैरोटीनॉयड जैसे कैंसर रोधी गुण, कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने और फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करते हैं।

जिससे न सिर्फ ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस कम करने में मदद मिलती है, बल्कि कैंसर जैसे रोगों के विकास का जोखिम भी कम होता है।

### त्वचा को रखे हेल्दी

काली मिर्च त्वचा के दाग-धब्बे, पिगमेंटेशन, टैनिंग आदि हटाने में मदद करती है। यह त्वचा की रंगत में सुधार करने और अनईवन स्किन टोन से छुटकारा दिलाने में मदद करती है। सफेद दागों की समस्या दूर करने में भी यह बहुत प्रभावी है।

# वजन बढ़ाने के लिए इस तरह खाएं अश्वगंधा और शतावरी, मिलेंगे कई फायदे



बढ़ाने के लिए सबसे जरूरी होता है स्वस्थ, संतुलित और पोषक तत्वों से डाइट फॉलो करना। लेकिन अगर इस सब के बाद भी आपका वजन नहीं बढ़ रहा है, तो आपको इस स्थिति में फिटनेस एक्सपर्ट्स और न्यूट्रिशनिस्ट अपनी डाइट में कुछ सप्लीमेंट्स को जोड़ने का सुझाव भी देते हैं। लेकिन अक्सर हम देखते हैं कि लोग वजन बढ़ाने के लिए जंक, प्रोसेस्ड और ज्यादा ऑयली फूड्स का सेवन शुरू कर देते हैं। ऐसा करने से आपका वजन तो बढ़ सकता है, लेकिन यह स्वस्थ वजन नहीं है, बल्कि गंभीर बीमारियों की जड़ है। शरीर में स्वस्थ रूप से वजन बढ़ाने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं है। स्वस्थ वजन धीरे-धीरे बढ़ता है और इसमें थोड़ा समय लगता है। हालांकि कुछ सप्लीमेंट्स को डाइट में शामिल करके आप अपनी वेट गेन जर्नी को थोड़ा तेज कर सकते हैं। लेकिन हम बाजार में मिलने वाले प्रोटीन पाउडर या अन्य सप्लीमेंट्स की बात नहीं कर रहे हैं। प्रकृति ने हमें कुछ प्राकृतिक सप्लीमेंट्स प्रदान किये हैं, जो न सिर्फ स्वस्थ रूप से वजन बढ़ाने में मदद करते हैं, बल्कि इनका सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद भी होता है, ऐसे ही दो आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां अश्वगंधा और शतावरी। वजन बढ़ाने के लिए आप दोनों का साथ में सेवन कर सकते हैं।

**अश्वगंधा और शतावरी वजन बढ़ाने में कैसे फायदेमंद है :** अश्वगंधा और शतावरी सीधे तौर शरीर का वजन बढ़ाने में मदद नहीं करते हैं। हालांकि इनमें कुछ जरूरी पोषक तत्व गुण होते हैं, जो कई तरह से वजन बढ़ाने में मदद करते हैं। यह आपकी भूख बढ़ाने में मदद करते हैं और पाचन क्रिया को बेहतर बनाते हैं। यह आपकी मांसपेशियों, हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और शरीर में एनर्जी लेवल को बढ़ाते हैं। यह वर्कआउट के दौरान प्रदर्शन को बेहतर बनाने और मांसपेशियों को जल्दी रिकवरी में मदद करते हैं। इस तरह मांसपेशियों का तनाव भी कम होता है। आप जो कुछ भी खाते हैं वह आपके शरीर को लगता है। आप जल्दी-जल्दी खाते हैं और उनका पाचन, साथ ही पोषक तत्वों का अवशोषण बेहतर होता है।

### अश्वगंधा और शतावरी से वजन कैसे बढ़ाए

वजन बढ़ाने के लिए आप अश्वगंधा और शतावरी का एक-एक चम्मच पाउडर दूध में मिलाकर पी सकते हैं। लेकिन आपको एक चीज का बहुत ध्यान रखना है कि आपको अधिक मात्रा में इसका सेवन नहीं करना है। साथ ही यह आपको संतुलित आहार के साथ में वजन बढ़ाने में मदद कर सकते हैं, लेकिन यह संतुलित आहार का कोई विकल्प नहीं है। आप सुबह खाली पेट या रात में सोने से पहले दूध या पानी में उबालकर भी इसका सेवन कर सकते हैं।

# चाय के साथ ब्रेड खाने से सेहत को होते हैं यह नुकसान

हम में से ज्यादातर लोग अपने दिन की शुरुआत एक कप चाय के साथ करना पसंद करते हैं। साथ ही बहुत से लोग ब्रेकफास्ट में भी चाय और इसके साथ ब्रेड, नमकीन और बिस्कुट खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं चाय के साथ ब्रेड खाना आपकी सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक साबित हो सकता है? सुबह चाय के साथ ब्रेड खाने से कई गंभीर रोगों का जोखिम बढ़ता है और नियमित इसके सेवन से कई स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं।



### वजन बढ़ता है

बाजार में मिलने वाली ज्यादातर ब्रेड मैदा से बनी होती हैं, साथ ही इनमें हानिकारक केमिकल और प्रिजर्विटिव्स डाले जाते हैं। इन्हें पचाना काफी मुश्किल होता है, जिससे यह न सिर्फ पेट संबधी समस्याओं को जन्म देती हैं बल्कि वजन बढ़ाने में भी योगदान देती हैं।

### ब्लड शुगर बढ़ता है

डायबिटीज रोगियों के लिए चाय और ब्रेड का सेवन बहुत नुकसानदायक साबित हो सकता है। यह उनके ब्लड शुगर में स्पाइक का कारण बन सकता है और उनकी स्थिति को अधिक गंभीर बना सकता है। साथ ही यह इंसुलिन सेंसिटिविटी को भी ट्रिगर करता है, जिससे डायबिटीज रोगियों की स्थिति खराब हो सकती है।

### हाई बीपी की समस्या हो सकती है

यह ब्लड प्रेशर रोगियों में बीपी के स्तर को अधिक बढ़ा सकता है। इसलिए ब्लड प्रेशर रोगियों को भूलकर भी सुबह चाय के साथ ब्रेड नहीं खानी चाहिए। इसके सेवन से ब्लड प्रेशर कंट्रोल से बाहर हो सकता है।

### पेट या आंत में छाले हो सकते हैं

अगर आप सुबह चाय का सेवन करते हैं, तो इससे पेट की परत और आंतों में घाव हो जाते हैं, क्योंकि चाय का सेवन करने से एसिडिटी की समस्या होती है। वहीं अगर आप साथ में ब्रेड खाते हैं तो इससे स्थिति और भी बदतर हो सकती है, जिससे पेट में छालों की समस्या हो सकती है।

### हृदय रोगों का जोखिम बढ़ता है

शरीर का अधिक वजन, डायबिटीज, हाई बीपी सभी हृदय रोगों के जोखिम कारक हैं। साथ ही यह कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में भी योगदान देता है। इस तरह यह न सिर्फ हार्ट अटैक और स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ाता है, बल्कि लंबे समय में हार्ट फैलियर जैसी समस्याओं का कारण भी बन सकता है।

# निजी शिक्षण संस्थान संघ की बैठक संपन्न



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** एसबीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशन श्रीमाधोपुर में निजी शिक्षण संस्थान संघ श्रीमाधोपुर के संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ मुकेश बल्डवाल ने की। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा, सचिव शंकर सिंह घोसल्या सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में निजी शिक्षण संस्थानों के संचालक उपस्थित रहे। बैठक में निजी शिक्षण संस्थानों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो, इस उद्देश्य से विद्यालयों की छुट्टियों का शेड्यूल पूर्व निर्धारित करने पर सहमति बनी साथ ही जिला स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त एवं संगठित करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में मान्यता संबंधी समस्याएं, बोर्ड पेनल्टी, जीएसटी से जुड़े विषय तथा अन्य प्रशासनिक अड़चनों पर विचार किया गया। सभी संस्थानों में स्थानांतरण प्रमाण पत्र के आधार पर ही विद्यार्थियों को प्रवेश देने का निर्णय लिया गया वहीं कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आरटीई के अंतर्गत सरकार द्वारा भुगतान नहीं किए जाने की समस्या को गंभीरता से उठाया गया और इस संबंध में सामूहिक प्रयास करने पर सहमति बनी। बैठक में निजी शिक्षण संचालकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति संगठन की एकता, जागरूकता और मजबूती का प्रतीक रही। बैठक में लिए गए निर्णयों से न केवल निजी शिक्षण संस्थानों को मजबूती मिलेगी बल्कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों की भी प्रभावी रूप से रक्षा हो सकेगी।

बैठक के दौरान एसबीएन ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन की ओर से निजी शिक्षण संस्थानों के निदेशकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें संघ के अध्यक्ष डॉ मुकेश बल्डवाल द्वारा सभी निदेशकों को दुपट्टा ओढ़ाकर एवं नववर्ष का कैलेंडर भेंट कर सम्मानित किया गया।

# दुपहिया वाहन चुराने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** कानोता थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए छह चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की हैं। साथ ही एक विधि से संघर्षरत बालक को निरुद्ध किया गया है और साथ ही लंबे समय से फरार स्थायी वारंटी व हिस्ट्रीशीटर मनीष शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि कानोता थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चोरी के मामले में मनीष शर्मा निवासी कानोता जयपुर को गिरफ्तार किया गया है और साथ ही एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। जिनके पास से चोरी की छह दुपहिया वाहन भी बरामद किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि बाल अपचारी के कब्जे से जयपुर शहर में विभिन्न पुलिस थाना कानोता, जामडोली, खो नागोरियान, आदर्श नगरए मुरलीपुरा, महेश नगर से चोरी की गई 04 रॉयल एनफील्ड सहित कुल 06 मोटरसाइकिल बरामद की गई।

बाल अपचारी ने अपने साथी अजय सैन के साथ जयपुर शहर से मोटरसाइकिल चोरी कर वाहनों को ग्रामीण इलाकों मे सस्ते दामों पर बेचकर रुपये कमाना बताया है। वहीं गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर मनीष शर्मा के खिलाफ विभिन्न थानों में 13 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि शेष फरार आरोपित अजय सैन की तलाश जारी है।

# सीएसटी ने किया शातिर नाबालिग चेन स्नैचर को निरुद्ध

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम क्राइम ब्रांच सीएसटी ने कार्रवाई करते हुए शहर में बढ़ती चेन व मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों पर लगाते हुए विद्याधर नगर क्षेत्र से सक्रिय एक शातिर नाबालिग चेन स्नैचर को निरुद्ध किया है। पुलिस के अनुसार नाबालिग अब तक करीब चार से अधिक वारदातों को अंजाम दे चुका है। उसके कब्जे से चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी गुमशुदगी जयपुर व सवाई माधोपुर के विभिन्न थानों में दर्ज है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अपराध अभीजीत सिंह ने बताया कि जांच में सामने आया कि नाबालिग मोटरसाइकिल से सुनसान स्थानों पर अकेली महिलाओं को निशाना बनाकर चेन व मोबाइल स्नैचिंग करता था। इस मामले में आगे की जांच जारी है और अन्य वारदातों से भी उसके जुड़े होने की संभावना है।

# गोपालपुरा में 15 दिनों में बाइपास रोड चालू करने की मांग



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकटवर्ती गांव गोपालपुरा के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर बाई पास रोड को चालू करने की मांग की। अजीत जानू के नेतृत्व में नायब तहसीलदार असलम खान को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि गांव में ओवरलोड वाहनों के कारण कई घंटों तक सड़क पर ट्रैफिक जाम रहता है, इसलिए बाई पास रोड चालू की जावे। अगर ऐसा 15 दिनों में नहीं हुआ, तो ग्रामीण आंदोलन करेंगे। इस दौरान अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। इसके बाद सभी लोग पंचायत समिति गए और वहां पर तहसीलदार व अन्य अधिकारियों से मिलकर समस्या समाधान की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान हरीप्रसाद शर्मा, ओमप्रकाश प्रजापत, मुरारी माली, गणेश माली, नेमीचंद प्रजापत, महिपाल चारण, चतरसिंह पंवार, बींजाराम सारण, पवन गुप्ता, सुल्तानसिंह चारण, मनोज प्रजापत, दुर्गादत शर्मा, हेमराज चंदेलिया, श्रवण मेघवाल, विनोद जाखड़, मनीष सारण, बीरबल, बुधाराम, चैनाराम, डालाराम, रामेश्वरलाल आदि मौजूद रहे।

# पालिका में करोड़ों के घोटाले को लेकर विभिन्न संगठनों ने दिया धरना

निसं



**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर नगर पालिका में 2 वर्षों में लगातार 10 करोड़ के भ्रष्टाचार को लेकर एवं अनुसूचित जनजाति के वार्डों में परिसीमन में फेरबदल में गड़बड़ी करने को लेकर साथ ही विकास कार्यों में भेदभाव को लेकर राजलदेसर नगर पालिका के आगे अखिल भारतीय किसान सभा, आरएलपी, हम कामगार समाज, भीम आर्मी, मेघवाल महासभा की ओर से नगर पालिका के आगे धरना प्रदर्शन किया गया। धरने में नगर पालिका, राजस्थान सरकार एवं कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नारेबाजी के बाद अखिल भारतीय किसान सभा के तहसील अध्यक्ष भादर भामू ने कहा कि राजलदेसर नगर पालिका में 2 वर्षों में जितना भ्रष्टाचार हुआ है उतना कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि नगर पालिका को बार-बार अवगत कराने के बावजूद भ्रष्टाचार की एवं अनुसूचित जनजाति के वार्डों में जिस तरह से जो परिसीमन में फेर बदल किया है बिल्कुल सरासर गलत है। कॉमरेड भादर भामू ने कहा कि वर्तमान विधायक व पूर्व विधायक की मिली भगत है इनको सत्ता के दलाल हर हफ्ते वसूली पहुंचाते हैं। इस अवसर पर हम कामगार समाज के कालूराम तंवर ने कहा नगरपालिका अध्यक्ष गंगा देवी के फर्जी साइन करके 4 करोड़ रुपए का गबन किया है उन लोगों को आने वाले नगर पालिका चुनाव में बख्शा नहीं जाएगा। कार्यक्रम में सेवादल के नगर अध्यक्ष लाभचंद सोनी ने कहा लगातार भ्रष्टाचार को लेकर हम मांग उठाते आ रहे हैं लेकिन नीचे से लेकर ऊपर तक सारे कमीशन के खेल में डूबे हुए हैं। कांग्रेस पार्षद मिर्जा राम मेघवाल ने कहा बिना कोटेशन के नगर पालिका में करोड़ों रुपए का घोटाला किया है उनको आने वाले चुनाव में किसी भी तरह बख्शा नहीं जाएगा।

आरएलपी नेता रतनलाल बिजारणिया ने कहा आजादी के बाद आज भी राजलदेसर गुलाम है अभी राजलदेसर में आरएलपी पार्टी की एंट्री हुई है आने वाले समय में अगर हमारी मांगे नहीं मानी गयी तो राजलदेसर में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर सभी नेताओं ने नगर पालिका, राजस्थान सरकार व कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। दोपहर बाद तहसीलदार हरदीप सिंह धरना स्थल पर पहुंचे।

धरना स्थल पर बैठे लोगों ने विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन दिया एवं 5 दिन का सभी नेताओं ने ज्ञापन देते हुए कहा कि अगर 5 दिन के अंदर हमारी मांगे नहीं मानी तो राजलदेसर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर राजलदेसर थाने के एसआई हेमराज मुंड मय जाब्ते के साथ उपस्थित रहे। इस मौके पर धरना स्थल पर तिलोकचंद मेघवाल, हेमराज, सुखदेव, किशोर, सांवरमल, मनोज भाटिया, बीजू कड़वासरा, संतलाल बारूपाल, हरिराम भामू, राजू मेघवाल, गोविंद मेघवाल सहित सैकड़ों व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नववर्ष स्नेह मिलन व समिति की बैठक आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** जल बचाओ, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ समिति श्रीमाधोपुर की कार्यकारिणी बैठक एवं नववर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन एसबीएन कॉलेज भवन के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ माधव सिंह भामू ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जनसेवा से जुड़े कार्यों की समीक्षा एवं आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श करना रहा। बैठक में विशेष रूप से राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, श्रीमाधोपुर में निर्माणाधीन रजिस्ट्रेशन कक्ष के कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाने तथा उसके लोकार्पण की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सदस्यों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता और आमजन को होने वाले लाभों पर अपने विचार रखे तथा जल्द से जल्द इसे पूर्ण कराने पर सहमति व्यक्त की और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने जल संरक्षण, वृक्षारोपण और सामाजिक जागरूकता को समय की आवश्यकता बताते हुए समिति की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर समिति सचिव प्रदीप धायल, सीताराम सैनी, एडवोकेट राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, प्रधानाचार्य रामजी लाल शर्मा, लेखक ताराचंद चीता, राजू बागवान, डॉ मुकेश बल्डवाल, शिवकुमार वर्मा, लालचंद सैनी, शीशराम बिजारणियां, नारायण सैनी, बंशी बिंवाल सहित अनेक गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

# गोपालपुरा प्रशासक सविता राठी ने रखे बजट के लिए सुझाव



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी ने मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित हुए मुख्यमंत्री सरपंच संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा समस्त राजस्थान की पंचायतों के लिए आगामी बजट हेतु मांगे गए सुझावों के मद्देनजर बीकानेर संभाग की तरफसे बोलते हुए कहा कि गोपालपुरा में पंचायत द्वारा बनाए मास्टर प्लान से हुए प्लानिंग से किए विकास कार्य से जनता का पैसा बचा है एवं कार्य अधिक हुआ है। इसलिए प्रत्येक पंचायत में मास्टर प्लान बने और व्यक्तिगत कागजातों को बनाने के लिए ग्रामीणों को भटकना नहीं पड़े इसके लिए एकल खिड़की योजना बनाई जाए। जिस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवाद में उपस्थित लगभग 400 सरपंचों को मास्टर प्लान बनाने की हिदायत दी एवं एकल खिड़की के लिए अटल ज्ञान केंद्र प्रत्येक पंचायत में बनाने का आश्वासन दिया। सरपंच संघ के अध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल ने सरपंचों की समय के बारे में अवगत करवाया, जिसके लिए मंच से लिखित में समय एवं सुझाव देने की अपील की गई। प्रशासक सविता राठी ने बताया कि गोपालपुरा की सबसे बड़ी समस्या बाइ पास सड़क की है, जिसका पूर्व में वसुंधरा सरकार के समय सर्वे हो चुका है, सड़क पर अत्यधिक जाम लगा रहता है, जिसे बजट में प्रावधान कर बनाया जाए। साथ ही सूरवास गांव में पानी की समस्या के लिए कोठारी कुंज से पाइप लाइन की मांग की। ग्रामीणों से रूबरू होकर प्रशासक राठी ने बताया कि इस बजट में दोनों कार्य होने की पूर्ण संभावना है।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 332 मरीज लाभान्वित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जयपुर रोड, सीकर स्थित प्रिंस हॉस्पिटल द्वारा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नेछवा कस्बे में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेछवा एवं आसपास के क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। कैम्प में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिशियन, जनरल सर्जन, ईएनटी सर्जन, पीडियाट्रिशियन, साइकेट्रिस्ट तथा डेंटल सर्जन की बड़ी विशेषज्ञ टीम द्वारा 332 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। शिविर में नेछवा सरपंच प्रतिनिधि प्रहलाद राय अग्रवाल, जिला परिषद सदस्य रामचंद्र बगड़िया, कपिल शर्मा व इश्लामुदिन खोखर, पंचायत समिति सदस्य जितेन्द्र सिंह शेखावत, नेछवा ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप सारण सहित महेश मोर, जुगल किशोर मोर, मनोज काबरा, रमेश खंडेलवाल, महेश खरींटा, सुशीला चौधरी, सुभाष चाहर, गोपाल अग्रवाल आदि अनेक गणमान्यजन शरीक हुए।

# वेदांता की प्रस्तुति से जेएलएफ 2026 में संस्कृति, साहित्य और समुदाय का संगम

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर लिटरेचर फ्रेस्टिवल-2026 में वेदांता ने साहित्य, विरासत और सामुदायिक सहभागिता को एक साझा मंच पर प्रस्तुत किया है। फ्रेस्टिवल में अनिल अग्रवाल फाउंडेशन एएएफ बागान संस्कृति और साहित्य को समर्पित विशेष स्थल के रूप में उभरा है, जहाँ चयनित साहित्यिक सत्रों के साथ भारतीय शिल्प परंपराओं, लोक संगीत, नृत्य, कठपुतली कला और कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। यहाँ कारीगरों, कलाकारों और दर्शकों के संवाद के माध्यम से विरासत को जीवंत रूप में अनुभव किया जा रहा है। जेएलएफ2026 में वेदांता पवेलियन में इंटरएक्टिव इंस्टॉलेशन, गेमिफाइड लर्निंग और वर्चुअल रियलिटी के जरिए धातुओं, खनिजों और ऊर्जा की भूमिका को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। राजस्थान स्थित रामपुरा आगूचा जिंक खदान का वीआर अनुभव पवेलियन का प्रमुख आकर्षण है, जो खनन और धातु उत्पादन की प्रक्रिया की झलक देता है। वहीं हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और केयर्न ऑयल एंड गैस के सोशल इम्पैक्ट स्टॉल्स पर स्वयं सहायता समूहों और महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों द्वारा हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय किया जा रहा है।



ये स्टॉल समावेशी विकास, आजीविका सृजन और जमीनी स्तर पर सामुदायिक सशक्तिकरण की वेदांता की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# गुप्त नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** गलता गेट स्थित श्री गीता गायत्री मंदिर में गुप्त नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ हुआ। कार्यक्रम मंदिर के पीठाधीश्वर पंडित राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विधि-विधान से विभिन्न तीर्थों के पवित्र जल से गीता गायत्री जी का अभिषेक किया गया। अभिषेक उपरांत देवी को लाल पोशाक धारण कराकर भव्य श्रृंगार किया गया तथा माल्यार्पण के साथ घंटे-घड़ियाल की गूंज में महाआरती संपन्न हुई। मंदिर प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि गुप्त नवरात्र के दौरान प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। नित्य दुर्गा सप्तशती पाठ, राम रक्षा स्तोत्र, सुंदरकांड एवं अन्य वैदिक पाठों का नियमित पाठ किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सहभागिता के लिए मंदिर परिसर में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

गुप्त नवरात्र को साधना, तप और आत्मशुद्धि का विशेष पर्व माना जाता है। इस दौरान साधक एवं श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना कर शक्ति, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं।

आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और वातावरण भक्ति-रस से सराबोर हो गया।

# उप जिला अस्पताल व फोरलेन सड़क की मांग को लेकर पदयात्रा कल

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** भाजपा नेता श्याम चौधरी अपने जन्मदिन के उपलक्ष में श्रीमाधोपुर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने व जालपाली मोड़ से अजीतगढ़ तक की वर्तमान सड़क को फोरलेन सड़क बनाने की मांग को लेकर 21 जनवरी को जालपाली मोड़ से उपखंड कार्यालय श्रीमाधोपुर तक पैदल यात्रा निकालेंगे तत्पश्चात उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर को इस मामले में ज्ञापन दिया जाएगा। इस पैदल यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र की दो



प्रमुख मांगों में श्रीमाधोपुर में चल रहे राजकीय समुदाय स्वास्थ्य केंद्र को उपजिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने तथा जालपाली मोड़ से अजीतगढ़ तक की वर्तमान सड़क को फोरलेन सड़क बनाने की मांगू को मजबूती से उठाना है। बताया गया है कि 21 जनवरी 2026 को श्याम चौधरी का जन्मदिन भी है और इसी शुभ अवसर पर सड़क सुरक्षा मिशन के तहत हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

श्याम चौधरी ने सभी से निवेदन किया है कि बुधवार 21 जनवरी को सुबह 10 बजे जालपाली मोड़ से उपखंड कार्यालय श्रीमाधोपुर तक होने वाली इस पैदल यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक व सफल बनाकर क्षेत्र के विकास और सुरक्षा के इस मिशन में अपना योगदान दें।

## जेके लॉन अस्पताल में महिला कर्मचारी से नर्सिंगकर्मी ने की छेड़छाड़

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** एसएमएस थाना इलाके में स्थित जे के लॉन अस्पताल में देर रात नर्सिंग कर्मचारी ने कॉन्ट्रैक्ट पर लगी महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ कर दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद अस्पताल में कार्यरत अन्य महिला कर्मचारियों ने अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित महिला कर्मचारी की लिखित शिकायत पर आरोपी नर्सिंगकर्मी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया। गौरतलब है कि पीड़ित महिला वार्ड हेल्पर के रुम में अस्पताल में कार्यरत है। आरोप है कि रविवार देर रात 2 बजे वो वार्ड में बने वॉशरुम में टॉयलेट करके बाहर निकली ही थी की नर्सिंग कर्मचारी विजय कुमार मीणा ने उसे गेट के बाहर रोक लिया और उसका हाथ पकड़ लिया। जिसके बाद आरोपी ने उसे बैंच पर बिठा और दोनो कंघे पकड़ कर लिए। पीड़िता ने धक्का देकर खुद को छुड़वाया। आरोपी विजय मीणा ने पीड़िता को धमकाते हुए कहा की तुझे पैसे चाहिए तो पैसे ले ले और ड्यूटी पर नहीं आएगी तो उपस्थिति भी लगा दूंगा। लेकिन पीड़िता आरोपी का विरोध करते हुए बाहर आ गई और मामले की जानकारी सीनियर स्टाफ को दी। लेकिन शिकायत के बाद भी सीनियर स्टाफ ने कोई कार्रवाई नहीं की तो पीड़िता अन्य महिला स्टाफके साथ सोमवार को अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन करने में जुट गई और आरोपी को सस्पेंड करने की मांग करने लगी।

# भाजपा जनता और कार्यकर्ताओं के बीच सीधा संवाद कर समस्याओं का समाधान कर रही है : दक

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सुनवाई के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री गौतम दक ने कहा कि पार्टी कार्यालय में मंत्रियों द्वारा नियमित रूप से कार्यकर्ता सुनवाई की जा रही है। इस दौरान लगभग 70 से अधिक परिवाद सामने आए, जिनमें तबादले, भूखंड विवाद और विभिन्न विभागों से जुड़े मामले शामिल थे। दक ने बताया कि त्वरित समाधान संभव मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया,



जबकि अन्य मामलों को संबंधित विभाग भेजा गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता और कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए गौतम दक ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने पांच वर्षों में जनता के बीच नहीं आई और बस घोषणाओं तक सीमित रही। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दो वर्षों में पूरे प्रदेश में किए गए दौरे और जनता की समस्याओं के समाधान के ठोस कदमों का उदाहरण दिया। एसआईआर और मनरेगा के विवाद पर दक ने कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी है और कांग्रेस केवल आरोप-प्रत्यारोप कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। कार्यकर्ता सुनवाई में प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह भी उपस्थित रही।

# ई-रिक्शा चालकों की समस्याओं को लेकर प्रतिनिधिमंडल अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर से मिला

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी जयपुर में ई-रिक्शा संचालन से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ई-रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक एवं राजस्थान विधानसभा में मुख्य सचेतक प्रतिपक्ष रफीक खान के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर योगेश दाधीच से मिला। एसोसिएशन के जयपुर अध्यक्ष नरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि हजारों की संख्या में ई-रिक्शा चालक शहीद स्मारक एवं पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर शांतिपूर्ण तरीके से एकत्रित हुए और अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर को ई-रिक्शा संचालन में आ रही दिक्कतों के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर योगेश दाधीच ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि ई-रिक्शा संचालन से जुड़ी समस्याओं का समाधान 22 जनवरी 2026 तक कर दिया जाएगा।

# खांडल विप्र समाज ने किया 145 प्रतिभाओं का सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री खांडल विप्र समिति की ओर से परशुराम भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष रामस्वरूप माटोलिया की अध्यक्षता में समिति के मंत्री विनय माटोलिया, संरक्षक प्रहलादनारायण माटोलिया, मुख्य अतिथि बनवारीलाल बील, विशिष्ट अतिथि पार्षद सोनिका पीपलवा मंचासीन रहे। शुभारंभ पंडित सुरेन्द्र काछवाल के मंत्रोच्चारण के साथ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। समिति के द्वारा मंचस्थ अतिथियों का माल्यार्पण, श्रीफल, शॉल भेंट कर स्वागत किया गया। समारोह में समाज के कक्षा 8वी, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, प्रोफेशनल डिग्री व खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विनय माटोलिया ने स्वागत उद्बोधन दिया और अतिथियों ने शाब्दिक उद्बोधन से प्रतिभाओं को मार्गदर्शन दिया।

समारोह में एड भीमशंकर नवहाल, परमेश्वर चोटिया, गोपाल बी चोटिया, राकेश रिणवा, रामरतन बोचीवाल, रुपेश काछवाल, राजेश सुंदरिया, पृथ्वीराज नवहाल, मनोज नवहाल, अरविंद बढ़ाढ़रा, प्रेम काछवाल, हरीप्रसाद चोटिया, राजेश पीपलवा, हीरालाल गोवला, रामगोपाल नवहाल, सीताराम बोचीवाल, हेमन्त नवहाल, दीपक रिणवा, गौरव बोचीवाल, सुनील झिकनाड़िया, आयुष पीपलवा, एडवोकेट शुभम जोशी, राकेश काछवाल, युवा मंडल अध्यक्ष आशीष चोटिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति के सांस्कृतिक मंत्री एडवोकेट पार्थ नवहाल और माधवी जोशी ने किया।

# नगर परिषद कर्मी ने खोया हुआ मोबाइल वापस लौटाया

मुहम्मद सादिक



**सीकर ( नवयत्न )।** नगर परिषद सीकर के एक कर्मचारी ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश करते हुए खोए हुए मूल्यवान मोबाइल फोन को उसके मालिक तक पहुंचाया है जिसकी आम जनता और प्रशासनिक मंडलों में व्यापक सराहना हो रही है। घटना तब सामने आई जब जेके हॉस्पिटल, रानोली में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर विजय कुमार का मोबाइल फोन यात्रा के दौरान कहीं गुम हो गया। वह फोन नगर परिषद सीकर के कार्मिक सुरेश मिठारवाल को मिला। मिठारवाल ने तुरंत ईमानदारी दिखाते हुए फोन में उपलब्ध जानकारी के आधार पर विजय कुमार से संपर्क साधा और उन्हें मोबाइल सकुशल लौटा दिया।

इस सराहनीय पहल पर विजय कुमार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा सुरेश की ईमानदारी ने न केवल मेरा महत्वपूर्ण डाटा बचाया बल्कि आज के दौर में मानवीय मूल्यों में विश्वास भी जगाया। नगर परिषद के इस कदम से संस्था की सकारात्मक छवि और प्रबंधन में जनविश्वास मजबूत हुआ है। लोगों का मानना है कि सुरेश मिठारवाल का यह कार्य समाज में नैतिकता, ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी का एक उज्ज्वल उदाहरण है। यह घटना अन्य कर्मचारियों एवं नागरिकों के लिए भी प्रेरणादायक बन गई है।

## राहुल बोले-आरएसएस-बीजेपी कुछ बिजनेसमैन के हाथों देश बेचना चाह रही

### ये चाहते हैं कि लोग सवाल न करें, कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी



**तिरुवनंतपुरम।** राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि आरएसएस और बीजेपी चाहती है कि जनता सवाल न करें और चुप रहें, ताकि यह कुछ बिजनेसमैन के हाथों देश को बेच सकें। राहुल केरल के कोच्चि में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम ऐसा बिल्कुल नहीं होने देंगे। कांग्रेस ही संविधान को बचा सकती है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने संविधान में बदलाव करके पंचायत, जिला और राज्य स्तर पर शासन को मजबूत किया। संविधान बचाने का मतलब है सत्ता और फैसलों का अधिकार लोगों तक पहुंचाना। राहुल ने कहा कि आरएसएस और बीजेपी सत्ता को अपने पास ही रखना चाहती हैं, लेकिन कांग्रेस सत्ता को नीचले स्तर तक पहुंचाने में भरोसा रखती है और गांव-कस्बों में लोकतंत्र को मजबूत करना चाहती है।

## राहुल की स्पीच की बड़ी बातें

दिल्ली में हुई बैठकों में अलग-अलग नेताओं की अलग राय थी, लेकिन मैंने साफ कहा था कि यूडीएफ पंचायत और विधानसभा चुनाव जीतेगा। असली सवाल जीत के बाद का है। केरल में बेरोजगारी बड़ी समस्या है। यूडीएफ और कांग्रेस को ऐसा रोडमैप देना होगा, जिससे युवाओं को नौकरी मिले। मंच पर मौजूद नेतृत्व केरल की जनता की जरूरतों को समझता है और उन्हें पूरा कर सकता है।

### राहुल गांधी बोले- चुप रहने की संस्कृति में लालच की भावना

इससे पहले राहुल ने एक कार्यक्रम में कलामासेरी में डॉ. एम लीलावती को केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रियदर्शिनी साहित्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान राहुल ने कहा कि कोई भी देश अगर चुप रहता है तो वो महान नहीं हो सकता। चुप रहने की संस्कृति में लालच की भावना छुपी होती है। उन्होंने कहा कि महान राष्ट्र और महान लोग तब बनते हैं, जब वे अपने विचार और राय खुलकर व्यक्त करते हैं और उनके लिए संघर्ष करते हैं। स्टेज पर बच्चे ने राहुल के साथ तस्वीर खिंचवाई केरल कांग्रेस की महापंचायत के बीच स्टेज पर आकर एक बच्चे ने राहुल के साथ सेल्फी ली। इसके बाद बच्चे ने राहुल ने बच्चे के चॉकलेट भी दी।

# सीकर आईटी टीम का राजस्थान लीग में धमाकेदार आगाज



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के तत्वावधान में जयपुर में आयोजित राजस्थान आईटी लीग 2026 में सीकर जिले की आईटी टीम ने शानदार जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया है। सीकर आईटी यूनियन के जिला अध्यक्ष राकेश थालोड़ ने बताया कि पहले मैच में सीकर ने बूंदी की टीम को 2 विकेट से हराकर जीत हासिल की।

टीम के कप्तान महावीर बुरड़क ने बताया कि बूंदी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 207 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में सीकर की टीम ने जोरदार शुरुआत करते हुए 8 विकेट खोकर निर्धारित ओवरों से पहले ही जीत दर्ज की। सीकर की तरफसे धर्मेंद्र फगेड़िया ने मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता जिन्होंने सिर्फ 34 गेंदों पर 75 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। कप्तान महावीर बुरड़क ने 35 रनों का सहयोग दियाए जबकि राकेश थालोड़ ने 26 रन बनाए। टीम में अन्य खिलाड़ियों ने भी मैच में अहम भूमिका निभाई। टीम में महावीर बुरड़क, राकेश थालोड़, राजेश खालिया, रजत बांगड़वा, महेंद्र कुमावत, प्रदीप वर्मा, धर्मेंद्र फगेड़िया, सुरेंद्र जाँघू, संदीप, अशोक फगेड़िया, अशोक वर्मा, प्रभात तिवाड़ी, प्रदीप भास्कर, मनेश ढाका, सत्येंद्र, राहुल और धर्मेंद्र शर्मा शामिल रहे। अब सीकर का अगला मुकाबला अलवर के साथ होगा। टीम अगले मैच में भी इसी तरह का प्रदर्शन दोहराने को प्रतिबद्ध है।

# पूर्व मंत्री बोले-बाड़मेर के लोगों को श्रीगंगानगर का बताया

## एसआईआर विवाद पर जूली बोले- हार के डर से पंचायत-निकाय चुनाव नहीं करवा रहे

जयपुर/दिल्ली।




बाड़मेर में कांग्रेस ने जिला मुख्यालय पर एसआईआर को लेकर आपत्ति जताई। पूर्व मंत्री गफूर अहमद ने कहा-हमारे साथ में 20 बीएलए-2 भारतीय जनता पार्टी के हैं। उनके झूठे हस्ताक्षर करके हमको श्रीगंगानगर का निवासी बता दिया गया है।

वहीं सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने कहा- एसआईआर में संदेह पैदा हो रहा है। अब लोगों को समझ में आ रहा है कि किस प्रकार से वोट चोरी हो रही है।

इससे पहले कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भाजपा पर हमला बोला। डोटासरा ने कहा- बीजेपी राजस्थान में वोट पर डाका डाल रही। 13 जनवरी को अमित शाह सीएमआर में रुकते हैं। 3 से 13 जनवरी के बीच बीजेपी में गुप्त रूप से खेला चलता है।

फर्जी कंप्यूटराइज फॉर्म हर विधानसभावार प्रिंट होते हैं। जूली ने कहा- 9 जनवरी को बीजेपी के 126 बीएलए ने केवल 4 नाम काटने की एप्लिकेशन दी थी, इसके बाद 16 जनवरी को यह आंकड़ा हजारों में हो गया। 16 जनवरी को बीजेपी के 2133 लोगों ने 18,896 नाम काटने की एप्लिकेशन लगाई है। ऐसा क्या हुआ कि अचानक नाम काटने के आवेदनों में तेजी आई? कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष और टीकाराम जूली ने दिल्ली एआईसीसी मुख्यालय में राजस्थान एसआईआर विवाद पर ने सोमवार को मीडिया से बात की।

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने क्या कहा...

**1.जयपुर की बैठक में तय हुआ एजेंडा:** डोटासरा ने कहा- राजस्थान में एसआईआर के तहत 3 जनवरी तक सब ठीक चल रहा था। 3 जनवरी को बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने जयपुर में बैठक ली। उस बैठक में एजेंडा तय किया गया। एजेंडे के तहत फर्जी वोट जोड़ने और घटाने का खेल शुरू हुआ।

**2. जहां कांग्रेस जीती, वे विधानसभा चिह्नित की:** डोटासरा ने कहा- अमित शाह के दौरे के बाद सभी विधायक और उम्मीदवारों को बुलाकर पेन ड्राइव दिया। 13 की शाम से लेकर 15 तक कहीं 10 हजार, 20 हजार फॉर्म इस तरह नाम काटे जाने का षड्यंत्र चला। उन विधानसभा क्षेत्रों को चिह्नित किया जाता है, जहां कांग्रेस जीती हो। वहां वर्ग विशेष के नाम काटे जाने के फॉर्म दिए।

**3. बीएलए के फर्जी हस्ताक्षर करके खेला खेला गया:** मेरे विधानसभा क्षेत्र में 2 हजार से ज्यादा फर्जी फॉर्म लेकर गए थे, लेकिन स्क्षरू ने मना कर दिया। बीएलए खुद ने कहा कि उनके फर्जी हस्ताक्षर हैं। 15 जनवरी को जब निर्वाचन आयोग में जाकर हमने निवेदन किया कि मंत्री तक एसडीएम को फोन करके फर्जी फॉर्म ब्लैक में लेने का दबाब बना रहे हैं तो उन्होंने कहा था कि ऐसा नहीं होगा।

### नेता प्रतिपक्ष ने क्या कहा...

**1. बीजेपी के फॉर्मों की जांच करवाए चुनाव आयोग:** जूली ने कहा- राजस्थान में बीजेपी वाले प्री-फील्ड फॉर्म लाए, जिनसे ये पकड़ में आए। सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग से मांग करता हूं कि इन सारे फॉर्म की फोरेंसिक जांच हो कि ये कहां छपे हैं? कौन व्यक्ति इनको यहां नीचे पहुंचाकर गया तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

**2. एक ही जगह पर छापे गए सारे फॉर्म:** हमारा आरोप है और चैलेंज है कि ये सारे फॉर्म एक सेंट्रलाज्ड जगह पर छापे गए हैं और वहां से छाप कर इनको जयपुर पहुंचाया गया है। जयपुर से उनके विधायक, विधायक प्रत्याशी और पांच मंत्रियों के माध्यम से इनको नीचे एसडीएम ऑफिस के अंदर पहुंचाया है। तो यह जांच होनी चाहिए कि हर जगह जो प्रिंटेड फॉर्म आए हैं वे कहां छपे, कौन देकर गया।

### बंगाल एसआईआर, गड़बड़ी वाले 1.25 करोड़ नाम सार्वजनिक करने का निर्देश

### सुप्रीम कोर्ट बोला- जांच पारदर्शी रहे, ताकि आम लोगों को परेशानी न हो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के 1.25 करोड़ वोटर्स को अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने के लिए एक और मौका दिया। कहा कि वे 10 दिन में अपने डॉक्यूमेंट्स चुनाव आयोग को पेश करें। चुनाव आयोग ने राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दौरान नाम, सरनेम, आयु में गड़बड़ी की वजह 1.25 करोड़ वोटर्स को लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने कहा कहा चुनाव आयोग गड़बड़ी वाली वोटर लिस्ट ग्राम पंचायत भवन, ब्लॉक कार्यालय और वार्ड कार्यालय में सार्वजनिक लगाए, ताकि लोगों को पता चल सके। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच ने कहा- सिर्फ तर्क के आधार पर आम लोगों को परेशान नहीं किया जा सकता है।

# जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा ने चिकित्सकों का किया सम्मान



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** परम पावन आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या साध्वी प्रज्ञावती के सानिध्य में तारानगर शहर के जाने माने चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गय, जिसमें डॉक्टर सुनील बेनीवाल, अजय कुमार दाधीच, दुष्यंत ललवानी, एवम् स्नेहलता शर्मा को जैन श्वेतांबर तेरापंथी, सभा तारानगर के द्वारा सम्मानित किया गया। तेरापंथ सभा के अध्यक्ष मनोज चोरड़िया ने कहा कि सम्मान तब खुद गौरवान्वित महसूस करता है जब प्राप्त करने वाला निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करता हैं और परोपकार की भावना रखता हैं। डॉक्टर सुनील बेनीवाल ने इस मौके पर कहा कि मैं अपने आप को बहुत ही भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे साध्वी जी की सेवा का मौका मिला समय समय पर मुझे आपका पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। डॉक्टर अजय दाधीच ने कहा कि मैं आज जो भी हूं वह भी जैन विश्व भारती, लाडनूं की ही देन हैं, और साध्वी जी की सेवा करके शायद जैन विश्व भारती के उस ऋण को शायद थोड़ा बहुत उतार सकू। साध्वी प्रज्ञावती ने सभी चिकित्सकों की मुक्त कंठ से वृद्धापना की एवं आध्यात्मिक मंगल कामना की। कार्यक्रम में सभा के उपाध्यक्ष पारस कोठारी, मंत्री पवन धाडेवा, महिला मंडल की अध्यक्षा अनु डागा, ओसवाल पंचायत के अध्यक्ष छत्र श्यामसुखा, अणुव्रत समिति के अध्यक्ष पदम चंद श्यामसुखा आदि गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## ट्रम्प बोले- नोबेल नहीं मिला, अब शांति पर भरोसा नहीं

### ग्रीनलैंड पर कब्जे का विचार इसीलिए आया; नॉर्वे के पीएम को चिट्ठी लिखकर बताया

वॉशिंगटन।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर को एक चिट्ठी लिखी है, जिसमें नोबेल न मिलने की शिकायत की गई है। पोलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने लिखा कि 8 जंग रुकवाने के बावजूद उन्हें नोबेल नहीं मिला। इसलिए अब उन्होंने शांति के बारे में सोचना छोड़ दिया है। ट्रम्प ने आगे लिखा-शांति जरूरी है, लेकिन अब वह यह भी सोचेंगे कि अमेरिका के हित में क्या सही है। ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की उनकी कोशिश की एक वजह नोबेल शांति पुरस्कार न मिलना भी है। इसकी वजह से उनके फैसले पर भी असर पड़ रहा है।


**कार्यालय नगर परिषद, सीकर (राज०)**
Add:- NEAR ABMEDKAR CIRCLE Sikar Pin 332001
Email:- sikarulb.jaipur@gmail.com

क्रमांक : 16204 दिनांक :- 12.01.2026

**ई-निविदा सूचना सं. /2025-26**

Open BIDS for ENIB No. /2025-26 Dispetch No. 16199-203 dated 12-01-2026 Percurement for (2 works online works) of Subject matter are invited from interested bidders for online tender submite upto 27.01.2026 upto 06:00 PM and Online tender Open at 28.01.2026 at 04:00 P.M. Other particulars or details of NIB of the bid may be visite at the percurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in/ and / http://eproc.rajasthan.gov.in/ of the state rajasthan.NIB code DLB2526B0221 and UBN code as per given below.

| S.NO. | UBN NO. |
|---|---|
| 1 | DLB2526SLOB30277 |
| 2 | DLB2526SLOB30278 |

आयुक्त
नगर परिषद, सीकर

राज.संवाद/सी/25/17907



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड सीकर**

2/3 हाउसिंग बोर्ड फोन नं. 01572-270329
बस डिपो के पीछे, सीकर E-mail:-eerhsdpsikar@gmail.com, ee-mh-sikar@gov.in
क्रमांक: प. 01( )/ चि.स्वा./खण्ड-सीकर/2025-26/1059 दिनांक:- 07.01.2026

**ई-निविदा सूचना-28/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड सीकर के जिला सीकर में विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण कार्य एवं विभिन्न सिविल कार्य हेतु राशि रु. 22.50 लाख से राशि रु. 125.00 लाख तक के कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है। कार्य के UBN No निम्नलिखित है:-

| क्र.सं | UBN No | क्र.सं | UBN No |
|---|---|---|---|
| 1 | NRH2526WSOB02198 | 3 | NRH2526WSOB02200 |
| 2 | NRH2526WSOB02199 | 4 | NRH2526WSOB02201 |

अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग,
खण्ड सीकर

DIPR/C/520/2026



**कार्यालय उप वन संरक्षक, सीकर (राजस्थान)**

( सांवली रोड, सीकर-332001; Ph. No. 01572-274094, email: dcf.sikar forest@rajasthan.gov.in, dcfsikar@gmail.com )
क्रमांक : एफ ( ) भण्डार/उवसंसी/2025-26/ दिनांक :-

**ई-निविदा सूचना संख्या 86-89/2025-26**

राजकीय निर्माण विभागों में सिविल कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों को सूचित किया जाता है कि इस वन मण्डल के अधीनस्थ नवीन नर्सरी नीमकाथाना, पाटन, श्रीमाधोपुर एवं दांता में दीवार, चेन लिंक फेंसिग एवं वाटर टैंक निर्माण संबंधित समस्त कार्य करवाया जाना है। जिसके लिए ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। समस्त ई-निविदा प्रपत्र दिनांक 05-01-2026 सायं 6:00 बजे से संबंधित ई-निविदा साईट से डाउनलोड कर दिनांक 18-01-2026 को सायं 6:00 बजे तक ई-निविदा प्रपत्र मय अन्य दस्तावेज अपलोड किये जा सकते है। ऑनलाईन निविदाएँ वन मण्डल कार्यालय में दिनांक 19-012026 को प्रातः 11:00 बजे खोजी जावेगी।

| क्र.सं | ई-निविदा सूचना सं | कार्य का स्थान | कार्य का विवरण | जी शिड्यूल के अनुसार राशि | अनुमानित राशि 2 प्रतिशत (रूपयों में) | MD, RISL शुल्क (रूपये में) | निविदा शुल्क (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 86/2025-26 UBN:-FOR2526WSOB04399 | नवीन नर्सरी, भूदोली, रेंज नीमकाथाना | Construction of 150 Rmt Pucca Wall and Water Tank and Providing and Fixing of Chain Link Fencing | 12.50 लाख | 25,000.00 | 500/- | 500/- |
| 2 | 87/2025-26 UBN:-FOR2526WSOB04400 | नवीन नर्सरी, रायपुर पाटन रेंज पाटन | Construction of 150 Rmt Pucca Wall and Water Tank and Providing and Fixing of Chain Link Fencing | 12.80 लाख | 25,600.00 | 500/- | 500/- |
| 3 | 88/2025-26 UBN:-FOR2526WSOB04401 | नवीन नर्सरी, साठियावास, रेंज श्रीमाधोपुर | Construction of 150 Rmt Pucca Wall and Water Tank and Providing and Fixing of Chain Link Fencing | 12.80 लाख | 25,600.00 | 500/- | 500/- |
| 4 | 89/2025-26 UBN:-FOR2526WSOB04402 | नवीन नर्सरी, जीणमाता, रेंज दांता | Construction of 150 Rmt Pucca Wall and Water Tank and Providing and Fixing of Chain Link Fencing | 12.80 लाख | 25,600.00 | 500/- | 500/- |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। निविदा के विस्तृत नियम शर्ते एवं माल/सेवा से संबंधित मात्रा/संख्या एवं विशिष्टयां आदि निविदा प्रपत्र में अंकित है।

उप वन संरक्षक
सीकर

DIPR/C/432/2026

# किसान सभा का जिला सम्मेलन आज से

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय किसान सभा का 29 वाँ जिला सम्मेलन सुजानगढ़ में मंगलवार से शुरू होगा। किसान सभा के तहसील सचिव रामनारायण रुलानिया ने बताया कि जाट छात्रावास में दो दिन 20 और 21 को किसान सभा का जिला सम्मेलन सुजानगढ़ में पहली बार हो रहा है, जिसको लेकर कार्यकर्ता और आमजन में उत्साह है। जिला मंत्री उमराव सिंह ने बताया कि दो दिन जिला सम्मेलन में किसानों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर मंथन किया जाएगा और आगामी आंदोलन का ऐलान किया जाएगा। जिस तरह से सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान की हालत खराब हो रही है। ना तो फसल का भाव, ना बीमा क्लेम आदि मुद्दों पर सरकार फैल है। दो दिन जिला सम्मेलन में किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष पूर्व विधायक कॉमरेड पेमाराम, राज्य सचिव दुलीचंद मीणा, राज्य महामंत्री छगनलाल चौधरी, राज्य संयुक्त सचिव सागर खाचरिया मौजूद रहेंगे। सम्मेलन में नई जिला कार्यकारणी का चुनाव होगा, जिसको लेकर सम्मेलन की तैयारियों में रामनारायण रूलाणिया, तेजपाल गोदारा, ओमप्रकाश डूडी, दिनेश गुलेरिया, नरेंद्र सिंह ढ़ाका, रामकृष्ण छींपा, कुंदन, सागर मेघवाल, मुमताज काजी, महबूब बड़गुजर आदि लगे हुए हैं।

# बगड़िया अस्पताल में लपकों पर कार्यवाही की मांग

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सामाजिक कार्यकर्ता बसंत बोरड़ ने एडीएम संतोष मीणा को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर शहर की सबसे बड़ी राजकीय बगड़िया उपजिला हॉस्पिटल में लपका गिरोह पर लगाम लगाने की मांग रखी है। ज्ञापन लिखा कि उनके द्वारा 2020 में अस्पताल की अव्यवस्थाओं और लपका गिरोह को लेकर तत्कालीन पीएमओ को ज्ञापन दिया गया था। जिसको लेकर एक कमेटी बनाकर जांच भी की गई थी। इस कमेटी की बैठक में लपकों पर लगाम लगाने के लिए डॉक्टरों को पाबंद किया गया था। साथ ही कमेटी को लपकों के नाम चिन्हित कर पीएमओ को देने के लिए कहा गया था। ताकि उनके खिलाफपुलिस कार्रवाई की जा सके। लेकिन तब से अब तक 5 सालों में लपका गिरोह की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। बोरड़ ने लिखा कि पिछले 5 सालों में हॉस्पिटल में सुधार के लिए उन्होंने और अन्य लोगों ने कई शिकायतें की। लेकिन तत्कालीन और वर्तमान पीएमओ ने इस गंभीर मामले को कभी गंभीरता के साथ नहीं लिया। ज्ञापन में लिखा कि इस समय हॉस्पिटल में लपका गिरोह के पचास से ज्यादा लोगों का एक तरह से कब्जा हो चुका है। हालात ये है कि कई डॉक्टरों के केबिन में ड्यूटी टाइम में लपके घुसे रहते हैं। गांव से आने वाले भोले भाले लोग इनका ज्यादा शिकार बनते हैं। लपके इन लोगों को बहका कर बाहर के मेडिकल स्टोर और लैबोरेट्री पर ले जाते हैं। जिससे इन गरीबों का पैसा व्यर्थ ही खर्च होता है। दूसरी तरफसरकारी योजनाओं का भी इनको लाभ नहीं मिल पाता। कई बार तो लपकों के द्वारा गांव के लोगों से नकदी रकम लेकर भागने की सूचनाएं भी मिली है। ज्ञापन में मांग की गई है कि हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों के हित में पीएमओ को कारवाई के लिए निर्देशित किया जाए तथा लपकों को चिन्हित करवा कर उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई करवाई जाए। ताकि आमजन को मुफ्त दवा और जांच का लाभ मिल सके।

# हिस्ट्रीशीटर ने घर के बाहर बैठे युवक पर चलाई गोली

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ब्रह्मपुरी थाना इलाके में सोमवार सुबह आदतन बदमाश ने घर के बाहर बैठे एक युवक पर गोली चला दी और मौके से फरार हो गया। युवक की चीख-पुकार की आवाज सुन स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में युवक को उपचार के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पर्चा बयान के आधार आरोपी हिस्ट्रीशीटर रवि मेहरा के खिलाफ जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। थाना प्रभारी राजेश गौतम ने बताया थाना इलाके में स्थित गंगा पोल इलाके में सोमवार सुबह 9 बजे बबलू महावर 30 अपने घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान हिस्ट्रीशीटर हिस्ट्रीशीटर रवि मेहरा 25 अपने साथी के साथ बाइक पर आया और बबलू पर गोली चला दी। गोली बबलू महावर की जांघ पर लगी। पुलिस छानबीन में सामने आया है कि आरोपी रवि मेहरा ने गोली बबलू के चचेरे भाई अजय पर चलाई थी, लेकिन अजय तुरंत उसके निशाने से हट गया और गोली बबलू को लग गई। गोली चलाने के बाद रवि अपने साथ के साथ बाइक से फरार हो गया।

### स्थानीय लोगों ने थाने के बाहर किया विरोध प्रदर्शन

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में बबलू को तुरंत सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। जिसके बाद सैकड़ों कॉलोनी वासियों ने थाने के बाहर एकजुट होकर आरोपी की गिरफ्तार के लिए विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया और उसकी परेड निकालने के साथ सुरक्षा की मांग की। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रवि 15 दिन पहले भी इलाके में हवाई फायरिंग करके गया था। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। लेकिन शिकायत के बाद भी पुलिस ने आरोपी के खिलाफकोई ठोस कार्रवाई नहीं की और उसके हौसले ओर बुलंध हो गए। थानाधिकारी राजेश गौतम ने बताया कि आरोपी रवि मेहरा थाना इलाके का आदतन बदमाश है और पुरानी रंजिश के चलते उसने बबलू पर गोली चलाई है। आरोपी की तलाश में विशेष टीम का गठन किया गया है। जल्द ही उसे दबोच लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि आरोपी रवि के खिलाफ ब्रह्मपुरी थाने में 15 और सुभाष चौक थाने में 11 मामले पूर्व में दर्ज है। बताया जा रहा है कि 6 फरवरी को बबलू की बहन की शादी है और सोमवार को परिवार के साथ गणेश निमंत्रण देकर घर लौटे थे। घर आने के बाद बबलू घर के बाहर ही बैठ गया। इसी दौरान बाइक पर रवि अपने साथी के साथ आया और गोली चला कर फरार हो गया। गोली और बबलू की चीख-पुकार की आवाज सुन बबलू की छोटी बहन घर के बाहर दौड़ कर पहुंची तो बबलू अचेत अवस्था में मिला। सूचना मिलने के बाद बबलू की मां भी घर से बाहन आ गई। उसे लगा बबलू के पेट में दर्द हो रहा है। जिसके कारण वो बेहोश हो गया होगा। लेकिन बाद में जांघ पर गोली लगने की जानकारी मिलने के बाद वो घबरा गई । बताया जा रहा है की बबलू के पेट में दर्द रहता है। जिसका उपचार चल रहा था।

# नाला निर्माण कार्य शुरू, गंदे पानी से मिलेगी राहत

निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** लोसल नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड पांच में गन्दा पानी निकासी के लिए स्वीकृत 52 लाख की लागत से नाला निर्माण का कार्य का सोमवार को विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया । विधायक गोरधन वर्मा के प्रयास से यहां पर नगरपालिका द्वारा कराए जाने वाला गंदा पानी निकासी के लिए नाला नवनिर्माण कार्य शुरू होने पर लोगों को गन्दा पानी की समस्या से निजात मिलेगी।

# हाइफा हीरो जयंती को लेकर पोस्टर का विमोचन

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** देश के वीर सपूत और हाइफा हीरो के नाम से विख्यात अमर शहीद मेजर दलपत सिंह की जयंती समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। रावणा राजपूत समाज द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन रानी सती गार्डन में आयोजित किए जाने वाले इस विशेष कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन सोमवार को धोद विधायक गोवर्धन वर्मा ने किया। पोस्टर विमोचन समारोह में विधायक वर्मा को मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पधारने का आमंत्रण भी दिया गया। इस अवसर पर धोद के पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह कर्णावत, एडवोकेट दशरथ सिंह, विक्रम सिंह नेतड़वास, उमराव सिंह कर्णावत, शिवराज सिंह धोद, कपिल सिंह परिहार, गोपाल सिंह बड़गूजर, संजय चंदेल तथा विजय सिंह सहित सैकड़ों समाजजन उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्य किशन सिंह चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर न सिर्फ रावणा राजपूत समाज बल्कि संपूर्ण सर्वसमाज में उत्साह का वातावरण है। खास बात यह है कि समाज के सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी प्रचार-प्रसार की कमान संभाली है और वे घर-घर दस्तक देकर लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह कर रहे हैं। इसी कड़ी में समाज के अधिकारियों व कर्मचारियों ने एक अहम बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि वे तन-मन-धन से सहयोग करते हुए इस राष्ट्रभक्ति के आयोजन को सफल बनाने में अपना पूरा योगदान देंगे। इस बैठक में सुरेंद्र सिंह पवार, गोविंद सिंह, जय सिंह, संदीप सिंह, राकेश कुमार, राजेंद्र कच्छावा, रणवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। 26 जनवरी की सुबह होने वाला यह कार्यक्रम शहीद की जीवन गाथा, देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा होगा, जिसमें सभी वर्गों के लोगों के शामिल होने की अपेक्षा है।

# प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में महाविद्यालय के रोवर-रेंजर्स ने की सहभागिता

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** छत्तीसगढ़ में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवरदृरेंजर जंबूरी में माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय तारानगर के रोवर एवं रेंजर्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह जंबूरी दिनांक 09 जनवरी 2026 से 14 जनवरी 2026 तक छत्तीसगढ़ में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में देशभर से आए रोवर-रेंजर्स ने भाग लेकर अनुशासन, सेवा एवं नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। इस जंबूरी में महाविद्यालय की ओर से रोवर यूनिट लीडर डॉ. कमल कुमार एवं रेंजर लीडर रामेती देवी के नेतृत्व में रोवर-रेंजर्स ने सहभागिता की। कार्यक्रम से लौटने पर महाविद्यालय पहुंचने पर सभी प्रतिभागियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सत्यवती बुड़ानिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के राष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता से विद्यार्थियों में नेतृत्व, सेवा भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास होता है। उन्होंने रोवरदृरेंजर्स एवं उनके नेतृत्वकर्ताओं को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

# महाराणा प्रताप के बलिदान को किया याद



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्वाभिमान, साहस और संघर्ष के प्रतीक महान योद्धा महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि पर एसएफआई द्वारा राजकीय सुजला महाविद्यालय में श्रद्धांजली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप के जीवन, उनके संघर्ष, हल्दीघाटी के युद्ध और अन्याय के खिलाफ उनके अडिग संकल्प पर विचार रखे गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छात्र प्रतिनिधि गौरव स्वामी, छात्र नेता नारायण शर्मा, कार्यकर्ता हर्षवर्धन सिंह राठौड़, मनीष, रोहित प्रजापत, रोहित मेघवाल, हुलाश जाट एवं नवनीत उपस्थित रहे। सभी ने महाराणा प्रताप के विचारों को आज के छात्र जीवन से जोड़ते हुए अपने विचार साझा किए।

# विश्वकर्मा पेंशन योजना शिविर में 151 लाभार्थियों का पंजीकरण

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** समाज के वृद्ध अवस्था में पहुंचे व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को पंचायत समिति सभागार में विशेष पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राज्य बीमा एवं प्रावधायी विधि विभाग नागौर की ओर से मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। शिविर के दौरान विभाग के कार्मिकों ने उपस्थित ग्रामीणो एवं कामगारों को योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना विशेष रूप से 41 से 45 वर्ष आयु के श्रमिको, पथ विक्रेता एवं अल्प आय वर्ग के कामगारों के लिए लागू की गई है। योजना के तहत लाभार्थियों को 100 रुपये प्रतिमाह जमा करने के बाद 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर उन्हें प्रतिमाह तीन हजार रुपये की पेंशन के रूप में आर्थिक संबल और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी। शिविर में 151 लाभार्थियो के आधार कार्ड, जन आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक सहित आवश्यक दस्तावेजो की मौके पर ही जांच कर पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस मौके पर महावीर पारीक खिंवज, राजेश कुमार पूनिया, संस्थापन अधिकारी के नेतृत्व में ओम प्रकाश पंवार पर्यवेक्षक, ओम प्रकाश भाटी सहायक प्रशासनिक अधिकारी महेंद्र गोदारा, रामनारायण भंवरिया, अरशद खान, शिव भगवान, नरेंद्र सिंह राठौड़, प्रकाश पाराशर, पूनम चंद स्वामी, तपेंद्र सिंह, अंबिका कुमारी, लालाराम कांवलीया सेवानिवृत्ति प्रशासनिक अधिकारी। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग स्टाफ मौजूद रहे।

# शर्मा के सर्व ब्राह्मण महासभा का प्रदेशाध्यक्ष बनने पर किया स्वागत



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत हड़ियाल के सरपंच राकेश शर्मा को सर्व ब्राह्मण महासभा राजस्थान का प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर सोमवार को सर्व समाज की ओर से उनका स्वागत किया गया। पंचायत समिति के सभागार में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में सर्व समाज के लोगों ने नवमनोनीत प्रदेशाध्यक्ष शर्मा का माला व साफा पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया व उन्हें बधाई दी। इस मौके पर एसडीएम राजेंद्र कुमार, विकास अधिकारी अशोक कुमार, अतिरिक्त विकास अधिकारी छगनलाल छिम्पा, प्रशासक निर्मल योगी, अमित सिहाग, राजेंद्र कुमार, दौलत राम, कृष्ण मेघवाल, मनोज व्यास, रमेश पारिक, सुभाष ज्याणी, दिनेश प्रजापत, राजेश कस्वा, दशरथ यादव, शिवभगवान शर्मा, देवकीनंदन शर्मा, एएओ अशोक कुमार, विकास वर्मा, प्रमोद गोगटीया, विकास उपाध्याय आदि लोग मौजूद थे।

# सीकर की महिला टीम बनी चैंपियन



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कोटा में आयोजित आठवीं अंतर-जिला सिविल सेवा बैडमिंटन प्रतियोगिता में सीकर जिले की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में सीकर की टीम ने उदयपुर को करारी शिकस्त देते हुए सीधे सेटों में 2-0 से जीत दर्ज की। टीम मैनेजर कपिल कुमार ने बताया कि 16 से 19 जनवरी तक चली इस प्रतियोगिता में कुल 14 जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया। सीकर टीम की ओर से निकिता घोसल्या, डॉ किरण चौधरी, कौशल्या मूंड और प्रियंका चौधरी ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जीत के बाद खिलाड़ियों के श्रीमाधोपुर पहुंचने पर गुरुकृपा स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान श्रीमाधोपुर बैडमिंटन संघ के उपाध्यक्ष तनसुख कुमावत और सचिव कमलेश पारीक भी उपस्थित रहे। सीकर टीम की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों और स्थानीय खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है।

# भाजपा नेता संतोष मेघवाल ने अपने नाम के परिवाद को बताया फर्जी, कहा मेरी छवि खराब करने की हुई कोशिश

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रही बीदासर की निवर्तमान प्रधान संतोष मेघवाल ने पिछले दिनों अखबार में छपी खबर को झूठा बताते हुए अपना स्पष्टीकरण दिया और कहा कि मेरे लेटरहैड जैसा कूटरचित लेटरहैड बनाकर भाजपा कार्यकर्ताओं की शिकायत की गई है और इस फर्जी शिकायत से मेरा कोई लेना देना नहीं है। यह सब किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेरी राजनीतिक छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए किया। अपने निवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि भाजयुमो के दो पूर्व अध्यक्षों की अफसरों को डरा कर वसूली करने की शिकायत उन्होंने नहीं की है, ना ही कोई परिवाद दिया। हालांकि उन्होंने इस कथित फर्जी परिवाद की मीडिया के सामने कॉपी नहीं रखी। जिससे यह कथित फर्जी परिवाद जनता के सामने नहीं आ पा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर मेरे नाम से शिकायत को लेकर कोई परिवाद मिला, तो कोतवाली सीआई को पहले मेरे से बात करनी चाहिए थी, न कि मीडिया को कॉपी देते। मेघवाल ने कहा कि ऐसा करके उनकी और भाजपा की छवि को धूमिल करने का कृत्य किया गया है। जिस किसी ने यह काम किया है, उसके खिलाफ वह कार्रवाई करेगी।

साथ ही पार्टी के उच्चाधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत करवाया जाएगा। प्रेसवार्ता में जिला प्रवक्ता अरुण तिवाड़ी, पूर्व मंडल अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश सोनी, मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, बीदासर अध्यक्ष राजेश सोनी, ललित माली, राजेश सैन, पार्षद मनोज पारीक, गोपाल प्रजापत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। हालांकि जनता के सामने अब यह सवाल जिंदा है कि फर्जी परिवाद पर जांच के आदेश कैसे हो सकते हैं।

# गौवंश चिकित्सालय परिसर में जल मंदिर का हुआ लोकार्पण

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय मैत्री मंच एवं श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार स्वर्णसखि संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में निराश्रित गौवंश चिकित्सालय परिसर में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी ईश्वरी नंदगिरी द्वारा मैत्री मंच, स्वर्णसखि जल मंदिर का लोकार्पण किया गया। साध्वीजी के सान्निध्य में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोपालपुरा प्रशासक सविता राठी, विशिष्ट अतिथि हंसराज मायछ, संरक्षक कौशल्या गुलेरिया, राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. शर्मिला सोनीए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्नेहप्रभा मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात् साध्वी नंदगिरि द्वारा शिलापट्ट का अनावरण कर जल मंदिर का लोकार्पण किया गया। उन्होंने कमंडल में जल भरके सभी को जल का प्रसाद वितरण किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉ. शर्मिला सोनी ने भामाशाह एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि सविता राठी ने मैत्री मंच एवं स्वर्णसखि संस्थान के इस समाजोपयोगी प्रकल्प की प्रशंसा करते हुए आगे भी ऐसे पुनीत कार्यक्रम सतत संचालित करने की प्रेरणा दी। साध्वी नंदगिरि ने महिलाओं में बढ़ते अंधविश्वास, महिला अत्याचार, नशाखोरी पर लगाम लगाने संबंधी जागरूकता अभियान चलाने पर बल दियाए ताकि समाज में प्रेम, सौहार्द्र की भावना को बढ़ावा मिले। उन्होंने जल-मंदिर प्रकल्प पर कहा कि जल ही जीवन है, दोनों मंच के द्वारा जीवन दायिनी शक्ति समाज को समर्पित की गई इसके लिए सभी मंच साथी साधुवाद के पात्र है। मैत्री मंच की राष्ट्रीय संयोजिका स्नेहप्रभा मिश्रा ने कहा हर व्यक्ति को अपनी हैसियत के अनुरूप जरूरतमंदों का तन मन और धन से सहयोग करते हुए बेजुबान मासूम पशु-पक्षी, एवं जीव-जंतुओं की सहायतार्थ भी अपने जीविकोपार्जन में से यथाशक्ति अंशदान स्वरूप कुछ राशि दान कर अपना मनुष्य जीवन सार्थक करना चाहिए। मंच की स्थानीय शाखा मंत्री डॉ. प्रगति चोरड़िया ने भामाशाह सम्मान पत्र का वाचन किया। जयश्री सेठिया, ललिता तोषावड़, मंत्री मधु अग्रोया, प्रकाश सोनी, प्रियांश सोनी, उर्मिला सोनी, सुनीता सोनी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। कौशल्या गुलेरिया, हीरालाल गोदारा, जयकुमार शर्मा, अल्पना, कैलाश टाक, राखी, राजेश बैंगानी, शिवानी पांडे, कमला सिंघी आदि ने भामाशाहों का सम्मान किया। प्रमिला राठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया एवं संचालन कवि हरिराम गोपालपुरा ने किया।

## बजरंग दल की मीटिंग आयोजित



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** शिशु वाटिका सभागार में हिंदू सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई इस अवसर पर मोहन सिंह शेखावत ने बजरंग दल की कार्यकारिणी का विस्तार किया। इस दौरान महेंद्र सैनी, तरुण सैनी बजरंग दल तहसील संयोजक रण सिंह, नगर संयोजक सुनील सैनी, तहसील सह संयोजक रोहित सैनी, योगेश सिंह शेखावत, सुनिल कुमार चेजारा, गोरू स्वामी, गजेंद्र गुर्जर, सुभाष सैनी हिमांशु कुमावत, जीतू सैनी, कानू सैनी, अंकित हिंदू अमित सोनी, मयंक सैनी आलोक सैनी, अनिल विनेश नायक, सुनील हिंदू सुमित आदि को जिम्मेदारी दी गई।

## कुत्ते ने 15 लोगों को बनाया निशाना



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर के वार्ड 16 स्थित एमआरएस स्कूल के पीछे का क्षेत्र इन दिनों एक पालतू कुत्ते के आतंक से थर्राया हुआ है। पिछले कुछ दिनों में इस कुत्ते ने राहगीरों और स्थानीय निवासियों सहित करीब 15 लोगों को काटकर घायल कर दिया है। बार-बार शिकायतों के बावजूद नगर पालिका द्वारा कार्रवाई न किए जाने से आक्रोशित वार्डवासियों ने सोमवार को गौ रक्षक विष्णु अग्रवाल के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सुरक्षा की गुहार लगाई। वार्डवासियों ने बताया कि घटनास्थल के समीप दो निजी स्कूल संचालित हैं। कुत्ते के आक्रामक व्यवहार के कारण स्कूल आने-जाने वाले मासूम बच्चों और अभिभावकों में भारी डर है। लोगों का कहना है कि कुत्ते की मौजूदगी से आम रास्ते पर चलना दूभर हो गया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार इस समस्या को लेकर पूर्व में नगर पालिका को दो बार लिखित व मौखिक अवगत कराया गया लेकिन प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। अंततः मजबूर होकर वार्डवासियों ने एसडीएम कार्यालय का दरवाजा खटखटाया। ज्ञापन देकर मांग की गई है कि इस कुत्ते को तुरंत पकड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए। इस दौरान शक्ति सिंह शेखावत, अनिल शर्मा, गिरिजा शंकर महाजन, उमाशंकर तिवाड़ी, दीपेंद्र शेखावत, विशाल शर्मा सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे। वार्डवासियों ने चेताया कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो यह कुत्ता कई लोगों को घायल कर देगा।

## जयपुर एजुकेशन समिट का शुभारम्भ



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सेंट जेवियर्स स्कूल नेवटा में जयपुर एजुकेशन समिट जेईएस के सातवें संस्करण का भव्य उद्घाटन हुआ। दीप प्रज्ज्वलन और उद्घाटन सत्र के साथ शुरू हुए इस शैक्षणिक महाकुंभ में शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं, छात्रों और शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। मुख्य आयोजक सुनील नारनौलिया, फादर संगीत राज, प्रेसिडेंट मानसी वर्मा और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। डायरेक्टर ऑफ ऑपरेशन प्राप्ति ने कहा कि समिट विचारों को क्रियान्वयन से जोड़ने की पहल है और इसका उद्देश्य शिक्षा को समावेशी, भविष्य-उन्मुख और समाज के लिए प्रासंगिक बनाना है। उद्घाटन सत्र के बाद एआई और भारतीय शिक्षा प्रणाली, युवाओं के प्लेट में जहररू फास्ट फुड की सच्चाई और संगीत का समाजशास्त्र जैसे महत्वपूर्ण सत्र आयोजित हुए। वक्ताओं ने एआई के माध्यम से शिक्षा सुधार, फास्ट फुड के स्वास्थ्य प्रभाव और संगीत के सांस्कृतिक महत्व पर चर्चा की। समिट के अगले दिन दलित युवा, सामाजिक संगठन, आंबेडकर का सपना और आधुनिक भारत जैसे विषयों पर विचार विमर्श होगा। समिट 19 से 24 जनवरी तक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से जारी रहेगा।

## खाद्य लाइसेंस रजिस्ट्रेशन शिविर आज

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अनुभाग की ओर से तारानगर में खाद्य लाइसेंस रजिस्ट्रेशन शिविर 20 जनवरी मंगलवार को सुबह 10 बजे से कस्बे के जोड़ीवाल धर्मशाला में आयोजित किया जायेगा। सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा में। बताया कि शिविर में मौके पर ही आवेदन करने पर लाइसेंस रजिस्ट्रेशन प्रदान किया जाएगा। लाइसेंस रजिस्ट्रेशन आवेदन के लिए दुकान मालिक का आधार कार्ड, दुकान मालिक का फोटो, मोबाइल नंबर, दुकान का बिजली बिल, दुकान का प्रूफ आदि दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

# इंडिया स्टोन मार्ट 2026 की तैयारियों की बैठक आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार के उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एसीएस शिखर अग्रवाल की अध्यक्षता में इंडिया स्टोन मार्ट 2026 की तैयारियों को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन से जुड़ी अब तक की प्रगति की समीक्षा की गई तथा शेष व्यवस्थाओं को समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से पूर्ण करने को लेकर संबंधित एजेंसियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। बैठक में राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम रीको के प्रबंध निदेशक, सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्टोन्स सीडोस के उपाध्यक्ष, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त महाप्रबंधक, सीडोस सहित लघु उद्योग भारती के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। एसीएस शिखर अग्रवाल ने कहा कि इंडिया स्टोन मार्ट राजस्थान के प्राकृतिक पत्थर उद्योग के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण मंच है, जो राज्य की औद्योगिक क्षमताओं, निर्यात संभावनाओं और निवेश अवसरों को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम बनेगा। यह आयोजन उद्योग, व्यापार और रोजगार सृजन की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। लघु उद्योग भारती की ओर से राष्ट्रीय सचिव नरेश पारीक, इंडिया स्टोन मार्ट के संयोजक नटवरलाल अजमेरा तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंजू सिंह ने बैठक में सहभागिता की। समीक्षा बैठक के दौरान इंडिया स्टोन मार्ट 2026 को लेकर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें प्रदर्शनी का संपूर्ण लेआउट, हॉल एवं ओपन एरिया की योजना, पार्किंग व्यवस्था, अब तक की स्टॉल बुकिंग स्थिति, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सहभागिता, लॉजिस्टिक्स, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन तथा आगंतुक सुविधाओं से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी साझा की गई। इसके साथ ही आयोजन से जुड़े उन विषयों पर भी चर्चा की गई, जिन पर राज्य सरकार से आवश्यक सहयोग, स्वीकृति अथवा दिशा-निर्देश अपेक्षित हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल ने प्रस्तुतिकरण की सराहना करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि आयोजन से जुड़ी सभी एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और शेष तैयारियों को निर्धारित समय सीमा में अंतिम रूप दें, ताकि इंडिया स्टोन मार्ट 2026 को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सके। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से आयोजन को लेकर हरसंभव सहयोग प्रदान किए जाने का आश्वासन भी दिया।

गौरतलब है कि इंडिया स्टोन मार्ट 2026 का आयोजन 5 से 8 फरवरी 2026 तक जयपुर के सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर जेईसीसी में किया जाएगा। जिसमें देश-विदेश से स्टोन उद्योग से जुड़े उत्पादक, निर्यातक, खरीदार, वास्तुविद, डिजाइनर एवं विशेषज्ञ बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

# सरकार की योजनाओं का लाभ हर महिला तक पहुँचाने का संकल्प : राठौड़

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भाजपा की भजनलाल सरकार द्वारा महिलाओं के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढ़ंग से पहुँचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय जयपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष राखी राठौड़ ने की। बैठक में प्रदेशभर की सभी जिला अध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारी बहनों ने सहभागिता की। इस अवसर पर पंचायत स्तर तक योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा घर-घर जाकर महिला से महिला संवाद कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता प्रत्येक पंचायत में जाकर महिलाओं से सीधा संवाद करेंगी, उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगी तथा पात्र महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय सहयोग करेंगी। बैठक में विशेष रूप से उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ प्रचारित करने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि इन योजनाओं से महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ है और वे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

सरकार की नीतियों एवं योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़ी महिला तक पहुँचे, यही भाजपा महिला मोर्चा का संकल्प है। उन्होंने महिला मोर्चा की सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे योजनाओं की सही एवं स्पष्ट जानकारी जन.जन तक पहुंचाएं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की इस मुहिम में पूरी निष्ठा और सक्रियता से भागीदारी निभाएं।

## मोदी विश्वविद्यालय का पांच दिवसीय संस्थापक दिवस समारोह 22 से

मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** जिले के लक्ष्मणगढ़ में मोदी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अपना संस्थापक दिवस समारोह धूमधाम से मनाने जा रहा है। पांच दिवसीय यह आयोजन 22 जनवरी सोमवार से शुरू होकर 26 जनवरी गणतंत्र दिवस तक विश्वविद्यालय परिसर में चलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सभी छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों, पूर्व छात्रों और शैक्षणिक जगत से जुड़े अतिथियों का इस उत्सव में हार्दिक स्वागत और आमंत्रण है। समारोह का उद्देश्य संस्थान की उपलब्धियों को साझा करना, नवाचार को प्रोत्साहित करना और छात्रों की सांस्कृतिक-बौद्धिक प्रतिभा को एक मंच देना है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न तकनीकी प्रतियोगिताएं, विशेषज्ञ व्याख्यान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, खेलकूद प्रतियोगिताएं और उपलब्धियों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। समापन दिवस 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह और मुख्य अतिथि के सम्बोधन के साथ उत्सव का समापन होगा। डॉ राजीव सिंह पीआरओ मोदी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय लक्ष्मणगढ़, सीकर ने बताया कि यह समारोह न केवल गौरवशाली इतिहास को याद करने काए बल्कि भविष्य की वैज्ञानिक प्रगति और राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प लेने का अवसर होगा। सभी को इस पांच दिवसीय ज्ञान-उत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## किसान-मजदूर संगठनों ने मनाया एकता दिवस




सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र, सीटू एवं अखिल भारतीय किसान सभा ने 19 जनवरी 1982 को पहली देशव्यापी आम हड़ताल में पुलिस की गोलाबारी से शहीद हुए 10 मजदूर, किसान व खेत मजदूर साथियों की याद में एकता दिवस मनाते हुए मजदूर विरोधी लेबर कोड रद्द करने की मांग को लेकर सीकर जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। आमसभा को संबोधित करते हुए किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व विधायक पेमाराम एवं राजस्थान भवन निर्माण मजदूर यूनियन, सीटू के प्रदेशाध्यक्ष भगवान सिंह बगड़िया ने कहा कि केंद्र सरकार ने 21 नवंबर को 44 श्रम कानून को समाप्त कर मजदूर विरोधी चार लेबर कोड जारी किए हैं, जो मजदूरों के शोषण को तेज करने का काम करेंगे। सीटू सहित तमाम केंद्रीय ट्रेड यूनियन व विभिन्न फेडरेशन इसके खिलाफ मिलकर 12 फरवरी को देश व्यापी आम हड़ताल करेंगे। इस दौरान सीटू जिला महामंत्री बृजसुंदर जांगिड़, किसान सभा जिला महामंत्री सागर खाचरिया, राजस्थान रोडवेज वर्कर्स यूनियन सीटू प्रदेशाध्यक्ष रामदेव सिंह टाकरिया, श्योदान सिंह, सांवरमल यादव, चौथमल, बकरा मंडी वाहन चालक यूनियन सीटू के रामचंद्र दुगोली, हाथ ठेला यूनियन सीटू के शकूर पठान एवं रघुवीर बारेठ, भवन निर्माण मजदूर यूनियन सीटू के सुरेंद्र आंतरी, आंगनवाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर यूनियन सीटू की नेता विमला, विद्या कंवर, सुमन कंवर एवं संतोष कंवर, ऑटो रिक्शा यूनियन सीटू के नेता महेंद्र खीचड़ सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

## पौषबड़ा प्रसादी का आयोजन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल राजस्थान बावन गोती भड़भुजा समाज मंदिर समिति के तत्वावधान में घी वालों का रास्ता स्थित श्री गोपाल जी मंदिर में पौषबड़ा महोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री गोपाल जी एवं भुवनेश्वर भोलेनाथ की फुलों से सजी भव्य एवं अलौकिक झांकी सजाई गई तथा भगवान को हलवा-बड़ा का भोग अर्पित किया गया। महाआरती के पश्चात भक्तों को पौषबड़ा प्रसादी वितरित की गई।

# पंचायत परिसीमन को लेकर बवाल : कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, अनियमितता का आरोप

मुहम्मद सादिक



**सीकर ( नवयत्न )।** जिले के फतेहपुर शेखावाटी में पंचायतों के वार्ड परिसीमन में बड़े पैमाने पर अनियमितता और पक्षपात के आरोपों के विरोध में कांग्रेस ने जिला प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद की है। फतेहपुर शेखावाटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक हाकम अली खान और जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता गठाला के नेतृत्व में एक बड़े प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करते हुए परिसीमन में गंभीर विसंगतियां पैदा की गई हैं। एक तरफ कुछ वार्डों की जनसंख्या मात्र 3000 रखी गई है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस समर्थित क्षेत्रों के वार्डों की जनसंख्या लगभग 15000 तक कर दी गई है। उनका मानना है कि यह जानबूझकर किया गया प्रयास है ताकि चुनावी प्रक्रिया में पार्टी को प्रभावित किया जा सके। विधायक हाकम अली खान ने कहा यह लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ है। सत्ता पक्ष अपने स्वार्थ के लिए प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग कर रहा है। हम मांग करते हैं कि तुरंत एक निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पुनः परिसीमन किया जाए। जिला अध्यक्ष सुनीता गठाला ने कहा यह स्पष्ट भेदभाव और चुनावी धांधली की तैयारी है। हम प्रशासन से इस अन्यायपूर्ण प्रक्रिया को रोकने और नियमों के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील करते हैं। ज्ञापन में तत्काल प्रभाव से पूरे परिसीमन प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने, सभी वार्डों का जनसंख्या के आधार पर न्यायसंगत पुनर्निर्धारण करने और एक पारदर्शी तरीका अपनाने की मांग की गई है। इस आंदोलन में कांग्रेस पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने प्रशासनिक भेदभाव के खिलाफ नारेबाजी की।

## युवा जाट महासभा प्रमुख खीचड़ का किया स्वागत

मुहम्मद सादिक



**सीकर ( नवयत्न )।** हर्ष तिराहे पर युवा जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भाई मनीष केसर खीचड़ के सम्मान में यहां एक भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सेवादल के जिला अध्यक्ष बड़े भाई रविकांत तिवारी, विधानसभा अध्यक्ष सेवादल वसीम खान, जिला उपाध्यक्ष आनंद चौहान, पश्चिम मंडल अध्यक्ष अजय नायक और पूर्व सरपंच बगड़िया सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में युवा शक्ति मौजूद रही। समारोह में युवाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा और उत्साह से भर दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मनीष केसर खीचड़ ने युवाओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने और समाज व राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं और उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने की जरूरत है। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि यह सम्मान समारोह स्थानीय युवाओं और संगठन कार्यकर्ताओं के बीच नई प्रेरणा और एकजुटता का स्रोत बनेगा।

# कथित तौर पर वोट काटने के मामले को लेकर किया विरोध-प्रदर्शन

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** एसआईआर में बिना किसी ठोस कारण एवं विवरण के नियम विरुद्ध बड़ी संख्या में फॉर्म 7 जमा कर कथित तौर पर वोट काटने की कोशिश के विरोध में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय के आगे जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। इससे पहले विधायक नरेंद्र बुडानिया के निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक के बाद तारानगर विधानसभा क्षेत्र से एकत्रित हुए सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता विधायक नरेंद्र बुडानिया के नेतृत्व में वोट चोर गद्दी छोड़ के जमकर नारे लगाते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे व कार्यालय के आगे सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सरकार के नुमाइंदों के दवाब में आकर अधिकारियों पर वोट काटने की कोशिश करने का आरोप लगाया व जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन देकर एसआईआर के तहत फर्जी तरीके से फार्म सं 7 में फर्जी हस्ताक्षर कर वोट हटवाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। विधायक बुडानिया के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में बताया कि पूरे राज्य में एसआईआर का कार्यक्रम चल रहा है। इस कार्यक्रम में तारानगर विधानसभा क्षेत्र के सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार फार्म सं. 7 के संख्या 929 थी। लेकिन दिनांक 15-01-2026 को सांय के समय में आपके कार्यालय में फार्म सं 7 जो कम्प्युटराईज्ड थे जिनकी संख्या करीब 6-7 हजार है जो अवैध तरीके से जमा करवाये गये है तथा सभी बीएलओ को बुलाकर तुरन्त रात्री 12 बजे तक उक्त 6-7 हजार फार्मो में अंकित मतदाताओं के नाम हटवाने के निर्देश दिये गये। हमारे कार्यकताओं को सूचना मिलने के बाद आनन फानन में अधिकारियों द्वारा बीएलओ से फार्म वापस मंगवाये गये जो एक बहुत बड़ा षड्यंत्र कर फर्जी तरीके से वास्तविक मतदाताओं के नाम हटवाने का प्रयास किया गया है। बीएलए-2 एक दिन में मात्र 10 फार्म जमा करवा सकता है परन्तु आपके यहा एक एक बीएलए-2 द्वारा 150 से 300 तक की संख्या में एक दिन में फार्म जमा करवाये बीएलए-2 द्वारा लिखित में व सोशल मीडिया में बयान दिया गया है कि हमारे हस्ताक्षर फर्जी आपके द्वारा बीएलओ को दबाब देकर व उच्च अधिकारियों द्वारा बीएलओ से ओटीपी लेकर वास्तविक मतदाताओं को हटाने का कार्य किया गया है जो सरे आम लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास किया गया है तथा संविधान को खत्म करने का प्रयास किया गया है कांग्रेस के व समुदाय विशेष के वोट काटने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में फर्जी तरीके से जमा फार्म सं 7 की जांच की जावें कि फार्म किसने जमा करवाया है तथा फर्जी हस्ताक्षर कर फार्म सं 7 जमा करवाने वालों पर कानूनी कार्यवाही कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने तथा फर्जीवाड़ा करने वालो पर निर्वाचन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जावें तथा भविष्य में ऐसी घटना नहीं हो इसकी पुख्ता व्यवस्था करने की मांग की। इस मौके पर विधायक नरेंद्र बुडानिया, निवर्तमान प्रधान संजय कस्वा, अभिषेक बुडानिया, हरिसिंह बेनीवाल, उमाशंकर शर्मा, मदन पांडिया, वेदप्रकाश सहारण, मानसिंह सैनी, मोहरसिंह ज्याणी, मुंशी तेली, कृष्ण सहारण, विमला कालवा, भागीरथ भामी, मोहरसिंह ज्याणी, पवन योगी, कुंदन सैनी, पन्नालाल पूनिया, बाबू हुसैन, जयनारायण सहारण, असरफ, आसिफ चौहान, दिनेश खण्डेलवाल, जीताराम जांदू, शीशपाल धीनवाल, रामस्वरूप झाझड़िया आदि सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गरीब नवाज नर्सिंग कॉलेज में नए छात्रों का किया अभिनंदन

मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** ख्वाजा गरीब नवाज नर्सिंग कॉलेज, सीकर के प्रांगण में प्रथम वर्ष के बीएससी नर्सिंग एवं डी फार्मा के नए छात्र-छात्राओं के लिए एक रंगारंग स्वागत पार्टी वेलकम पार्टी का आयोजन की अध्यक्षता संस्था के ट्रस्ट चेयरमैन अब्दुल रहमान ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नव पदोन्नत पुलिस उप-निरीक्षक अयूब अली उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संस्था के ट्रस्टी इकरामुल हक एवं शैक्षणिक समन्वयक खालिद हुसेन ने नवागत छात्र-छात्राओं का फूलमालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने लुभावने मारवाड़ी लोक गीतों पर थिरक कर सभी का मन मोह लिया। साथ ही पिछली परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मंच से प्रमाण-पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। संस्था के चेयरमैन खादिम हुसैन ने अपने संबोधन में कहा कि इस क्षेत्र में सफलता के लिए कड़ी मेहनत के साथ-साथ हृदय से सेवा भाव का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग पेशे में छात्राओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि सेवा के क्षेत्र में महिलाएं अधिक सफल साबित हुई हैं।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विकास और छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से किया जबकि मंच से धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ अब्दुल लतीफ ने किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190